


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





अनन्या बचाएंगी अक्षय का डूबता कॅरियर :- पेज 8

हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरूकता का...:- पेज 8



वर्ष : 01 | अंक: 15 | गुरुवार- 17 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


# दिल्ली : स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर अभिभावकों का शिक्षा निदेशालय के बाहर प्रदर्शन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली शिक्षा निदेशालय कार्यालय के बाहर बुधवार को कई अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन कर स्कूलों द्वारा कथित रूप से बढ़ाई गई फीस को तुरंत वापस लेने तथा मामले में अधिकारियों के हस्तक्षेप की मांग की।

राष्ट्रीय राजधानी में निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा अनियमित और अत्यधिक फीस वृद्धि के खिलाफ माता-पिता और अभिभावक लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं।

उन्होंने स्कूलों पर दबाव डालने का भी आरोप लगाया है, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र देने से इनकार करना और अनधिकृत शुल्क का भुगतान न करने पर विद्यार्थियों के नाम काटने की धमकी देना शामिल है।

लूट मचाना बंद करो और स्कूलों की मनमानी बंद करो, हमारी फीस कम करो जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर आए अभिभावकों ने दावा किया कि फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व सूचना या आधिकारिक मंजूरी के लागू की जा रही है। अजीत सिंह ने को बताया, मेरी बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके स्कूल ने बिना किसी नोटिस या मंजूरी के फीस बढ़ा दी। जब हम प्रधानाचार्य से मिलने की कोशिश करते हैं, तो हमें या तो लौटा दिया जाता है या हफ्तों तक इंतजार कराया जाता है। और जब हम आखिरकार उनसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं - अगर आप भुगतान नहीं कर सकते, तो अपने बच्चे को स्कूल से निकालें। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने



मांग की कि न केवल हाल ही में की गई फीस वृद्धि को वापस लिया जाना चाहिए, बल्कि अभिभावकों को पिछले कुछ वर्षों में की गई फीस वृद्धि के लिए मुआवजा भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, स्कूल का दावा है कि वह पिछले चार-पांच वर्षों से घाटे में चल रहा है और अपनी भरपाई के लिए फीस वृद्धि को उचित ठहरा रहा है। कई अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि फीस भुगतान में देरी होने पर विद्यार्थियों को स्कूलों में मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। एक बच्चे के पिता नितिन गुप्ता ने कहा, स्कूल असेंबली (प्रार्थना सभा) के दौरान बच्चों को अपमानित किया जाता है और इससे वे मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित होते हैं। यह कब तक चलता रहेगा ? एक अन्य अभिभावक अतुलश्री कुमारी ने कहा, पिछले साल स्कूल की फीस में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। जब हमने बातचीत करने की कोशिश की, तो हमें बताया गया कि कुछ नहीं किया जा सकता। हम सभी पीड़ित हैं, जब माता-पिता के दो या तीन बच्चे एक ही स्कूल में पढ़ रहे हों, तो वे कैसे इसका प्रबंध कर सकते हैं ?

## संक्षिप्त समाचार

### ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के दिन गिने-चुने रह गए हैं: भाजपा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हिंदू निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों के शिकार हैं और पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दे रखी है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य में हिंसा की घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण खासकर मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित लोगों का पलायन हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रविशंकर प्रसाद ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या उनकी सरकार बुनियादी मानवीय मूल्यों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दे रखी है। प्रसाद ने कहा कि पीड़ितों को डर है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर तैनात केंद्रीय बलों के चले जाने के बाद उन पर फिर से हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा, आप (बनर्जी) वोट बैंक के लिए कितना नीचे गिर सकती हैं... यह अस्वीकार्य है।

### न्यायाधीशों की संख्या पर्याप्त नहीं तो न्याय कैसे मिलेगा : पूर्व न्यायाधीश लोकुर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर ने मंगलवार को कहा कि न्यायाधीशों के पद पर रिक्तियां तो बहुत हैं लेकिन पर्याप्त संख्या में न्यायाधीश नहीं हैं जिसके कारण न्याय नहीं मिलता। पूर्व न्यायाधीश ने 2025 इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (आईजेआर) जारी करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, आपके पास पर्याप्त रिक्तियां हो सकती हैं लेकिन आपके पास पर्याप्त न्यायाधीश नहीं हैं। तो न्याय कैसे मिलेगा ? इस रिपोर्ट में देश में न्याय प्रदान करने के आधार पर राज्यों को रैंक दिया जाता है। रिपोर्ट का हवाला देते हुए पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि देश भर में जिला अदालतों में रिक्तियां लगभग 33 प्रतिशत हैं जबकि उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा लगभग 21 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि कुछ समय पहले बिना किसी कारण के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई थी। उदाहरण के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में स्वीकृत पदों की संख्या 48 थी जिसे बढ़ाकर 60 कर दिया गया। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) लोकुर ने कहा, इस वर्ष फरवरी में दिल्ली में एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें (कई) मुख्य न्यायाधीशों ने भाग लिया था। उन्होंने मुझे बताया कि ऐसा एक भी उच्च न्यायालय नहीं है जहां न्यायाधीशों की संख्या 25 प्रतिशत वृद्धि किए जाने से पहले स्वीकृत पद के बराबर हो। इसलिए दिल्ली उच्च न्यायालय में कभी भी 48 न्यायाधीश नहीं थे। उन्होंने कहा कि 1987 के विधि आयोग ने प्रति दस लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश की थी, जिसका मतलब था कि तत्कालीन जनसंख्या के अनुसार 40,000 न्यायाधीश होने चाहिए।

नेशनल हेराल्ड मामला

# भाजपा ने कहा, किसी को भी लूटने का अधिकार नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि किसी के पास भी लूटने का अधिकार नहीं है।

पार्टी ने कांग्रेस के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया जिसमें उसने, नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद, बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया था। पूर्व कानून मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि (नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत कानून अपना काम करेगा और जांच एजेंसियां कांग्रेस की धमकियों से नहीं घबराएंगी।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार के खिलाफ आरोपों पर जवाब दे, न कि राजनीतिक प्रतिक्रिया दे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल को जांच के खिलाफ अपनी याचिकाओं में न्यायपालिका से कोई राहत नहीं मिली।

उन्होंने गांधी परिवार के खिलाफ मुख्य आरोप को रेखांकित किया कि यंग इंडिया कंपनी के 76 प्रतिशत शेयर-धारक के रूप में उन्होंने (सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने) एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के स्वामित्व वाली हजारों करोड़ की अचल संपत्ति का दुरुपयोग किया, जिसके पास नेशनल हेराल्ड अखबार का स्वामित्व था।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस को (सोनिया गांधी और राहुल के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र का विरोध करने के लिए) धरना देने का अधिकार है, लेकिन उन्हें नेशनल हेराल्ड को सरकार द्वारा दी गई सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस पर जांच एजेंसी को धमकी देने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या पार्टी और गांधी परिवार कानून की उचित प्रक्रिया में विश्वास करते हैं



या नहीं। उन्होंने कहा, हम कांग्रेस की धमकियों की निंदा करते हैं। यहां मोदी सरकार है। वह कानून को अपना काम करने देगी।

उन्होंने कहा कि यंग इंडिया ने कांग्रेस द्वारा एजेएल को दिए गए 90 करोड़ रुपये के ऋण को माफ कर दिया और 50 लाख रुपये के मामूली निवेश के साथ कंपनी का स्वामित्व प्राप्त कर लिया। उन्होंने कहा कि यह जमीन सरकार ने एजेएल को दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रतिष्ठान ने कथित तौर पर नेशनल हेराल्ड का इस्तेमाल विज्ञापन और संपत्ति जुटाने के लिए किया। उन्होंने आरोप लगाया, एक अखबार जिसे स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ने वालों की आवाज उठाने के लिए स्थापित किया गया था, वह कांग्रेस पार्टी के लिए धन कमाने का जरिया बन गया।

### कांग्रेस ने सोनिया, राहुल के खिलाफ आरोपपत्र को लेकर प्रदर्शन किया

कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ह्यनेशनल हेराल्डह्ण मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को यहां प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। पार्टी के कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बुधवार को सुबह ही पार्टी के पुराने मुख्यालय 24 अकबर रोड पहुंच गए और अपने नेताओं के पक्ष में और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### गांधी परिवार का हिस्सा होने के कारण मुझे निशाना बनाया गया: वाद्रा



रॉबर्ट वाद्रा ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें गांधी परिवार का हिस्सा होने के कारण जांच एजेंसियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है और यदि वह भारतीय जनता पार्टी में रहते तो मापदंड अलग होता। उन्होंने कहा कि वह समय आने पर राजनीति में कदम रखेंगे तथा वह 1999 से जनता के बीच काम कर रहे हैं। वर्ष 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को लगातार दूसरे दिन वाद्रा से पूछताछ की गई।

### पाप पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस को निशाना बना रही सरकार: खरगे



*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल हेराल्ड मामले का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने पर तुली हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है और वह सरकार की नाकामियों को उजागर करती रहेगी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाने पर तुली हुई है। भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। हताशा बढ़ती जा रही है, कोई दृष्टि नहीं, कोई समाधान नहीं, केवल ध्यान भटकाना। उन्होंने दावा किया कि व्यापार घाटा तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और टैरिफ एवं व्यापार युद्ध पर कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है तथा केवल खोखले शब्द और निरर्थक मुलाकातें हो रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा, 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने बताया कि वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं।*

## दिल्ली में एनसीईआरटी की 4,000 से अधिक फर्जी किताबें जब्त, एक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस ने बाहरी-उत्तरी दिल्ली के समयपुर बादली में छापेमारी कर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 4,000 से अधिक फर्जी पुस्तकें जब्त की हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान रोहिणी सेक्टर 16 निवासी अरविंद गुप्ता (33) के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर दिल्ली में पुनर्बिक्री के लिए कई स्त्रोतों से फर्जी किताबें खरीदी थीं।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर 12 अप्रैल को समयपुर बादली में एक दुकान पर छापा मारकर गुप्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में फर्जी किताबें रखी और बेची जा रही हैं।

उन्होंने बताया, विभिन्न कक्षाओं की एनसीईआरटी की कुल 4,091 फर्जी किताबें जब्त की गईं। आरोपी दिल्ली और आस-पास के राज्यों में विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस से नकली किताबें मंगाकर उन्हें बेचते थे। अधिकारी ने बताया कि गुप्ता पर कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63 और 65 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लाडकी बहिन योजना में राशि की कटौती भाजपा का जुमला मॉडल है : कांग्रेस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना के तहत राशि घटाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यही भाजपा का जुमला मॉडल है। पार्टी महासखचिव जयराम रमेश ने जिस खबर का हवाला देकर भाजपा पर निशाना साधा, उसमें कहा गया है कि इस योजना के तहत आठ लाख महिलाओं की सहायता राशि 1500 रुपये से घटाकर सिर्फ 500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है।

उधर, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की सरकार की लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और इसे खत्म करने का कोई सवाल ही नहीं है।

महाराष्ट्र सरकार की लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, यही है भाजपा का जुमला मॉडल! चुनाव के समय (उसे) लाडली बहना की याद आती है, लेकिन चुनाव बीतते ही उसी बहना से मुंह मोड़ लिया जाता है। मोदी सरकार की नीतियों ने आम आदमी की आमदनी पहले ही कम कर दी है, ऊपर से



महंगाई की मार ने गृहणियों और आम महिलाओं के लिए घर चलाना और मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार का संदेश साफ है कि एक हाथ से पूंजीपति मित्रों पर पैसे लुटाओ और दूसरे हाथ से जनता की जेब काटो।

रमेश ने कहा, नतीजा यह है कि आज देश में लाखों परिवार कर्ज के बोझ तले दबे हैं, उनपर उधारी बढ़ती जा रही है, आम महिलाएं घर चलाने और बच्चों की परवरिश के लिए अपना सोना गिरवी रखकर ऋण लेने के लिए मजबूर हैं।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव : केंद्रीय पैनल के चार पदों के लिए 160 से अधिक नामांकन दाखिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव समिति को केंद्रीय पैनल के चार पदों के लिए 160 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं, जबकि 16 स्कूलों में ह्यस्कूल काउंसलरह्ण पदों के लिए 250 छात्रों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। चुनाव समिति के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए 48, उपाध्यक्ष पद के लिए 41, महासचिव पद के लिए 42 और संयुक्त सचिव पद के लिए 34 नामांकन प्राप्त हुए। इस तरह, केंद्रीय पैनल के लिए 165 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि बुधवार है। इसके बाद अपराह्न तीन बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

समिति ने कहा, स्कूल काउंसलर पदों के लिए 16 स्कूलों की 42 सीट के लिए कुल 250 नामांकन प्राप्त हुए हैं। जेएनयू छात्र संघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि 17 और 21 अप्रैल को स्कूल स्तर पर ह्यजनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) होंगी। विश्वविद्यालय-व्यापी जीबीएम के लिए 22 अप्रैल का दिन चुना गया है जबकि अध्यक्ष पद के लिए होने वाली बहस 23 अप्रैल को होगी।

सवाल | वक्फ मामला: उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से पूछा

# क्या मुस्लिम लोग हिंदू ट्रस्ट का हिस्सा होंगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र से पूछा कि क्या मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति दी जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि ह्यह्यउपयोगकर्ता द्वारा वक्फह्णह्ण को कैसे अस्वीकृत किया जा सकता है, क्योंकि कई लोगों के पास ऐसे वक्फों को पंजीकृत कराने के लिए अपेक्षित दस्तावेज नहीं होंगे।

उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता उसके ऐसे प्रयोजनों के लिए दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग के आधार पर दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की कोई औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो। पीठ ने कहा, आप उपयोगकर्ता द्वारा ऐसे वक्फ को कैसे पंजीकृत करेंगे ? उनके पास कौन से दस्तावेज



होंगे ? इससे कुछ पूर्ववत हो जाएगा। हां, कुछ दुरुपयोग है। लेकिन वास्तविक भी हैं। मैंने प्रिवी काउंसिल के फैसलों को भी पढ़ा है। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को मान्यता दी गई है। यदि आप इसे पूर्ववत करते हैं तो यह एक समस्या होगी। विधायिका किसी निर्णय, आदेश या डिक्री को शून्य घोषित नहीं कर सकती। आप केवल आधार ले सकते हैं। मेहता ने कहा कि मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग वक्फ अधिनियम के तहत शासित नहीं होना चाहता।

पीठ ने इसके बाद मेहता से पूछा, क्या आप यह कह रहे हैं कि अब से आप मुसलमानों को हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड का हिस्सा बनने की अनुमति देंगे। इसे खुलकर कहें।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब 100 या 200 साल पहले किसी सार्वजनिक ट्रस्ट को वक्फ घोषित किया जाता था, तो उसे अचानक वक्फ बोर्ड द्वारा अपने अधीन नहीं लिया जा सकता था और अन्यथा घोषित नहीं किया जा सकता था।

पीठ ने कहा, आप अतीत को दोबारा नहीं लिख सकते। मेहता ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति ने 38 बैठकें कीं और संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके पारित होने से पहले 98.2 लाख ज्ञापनों की पड़ताल की।

प्रधान न्यायाधीश खन्ना ने यह भी कहा कि एक उच्च न्यायालय को इन याचिकाओं पर विचार करने के लिए कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा, दो पहलू हैं जिन पर हम दोनों पक्षों से बात करना चाहते हैं। सबसे पहले, क्या हमें इस पर विचार करना चाहिए या इसे उच्च न्यायालय को सौंप देना चाहिए?

## संपादकीय

### प्रत्यर्पण को कूटनीतिक प्रयास तेज करें



हाल ही में मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाने और अब बेल्जियम में सबसे बड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी करके फरार हुए हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के गहरे निहितार्थ हैं। इससे देश में अपराध करके भागने वालों के लिये सख्त संदेश जाएगा कि वे साफ बचकर नहीं निकल सकते। जांच एजेंसियों की सतर्कता, अधिकारियों की तत्परता और सत्ताधीशों की सजगता स्थितियां बदल सकती है।
बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से यह उम्मीद जरूर जगी है कि देर-सवेर भारत लाकर उस पर मुकदमा चलाया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि साल 2018 में देश के सबसे बड़े बैंक घोटाले के जरिये चोकसी एंड पार्टी ने पूरे देश की बैंकिंग व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। चोकसी पर आरोप है कि उसने पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब तेरह हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोप है कि इस धोखाधड़ी में कथित तौर पर बैंक अधिकारियों और अन्य लोगों की भी गहरे तक मिलीभगत थी।
दरअसल, इस बड़े घोटाले के सार्वजनिक होने से पहले ही मेहुल चोकसी और सह-आरोपी उनका भतीजा नीरव मोदी भारत से भागने में सफल हो गए थे। नीरव को वर्ष 2019 में ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अभी भी वहीं हिरासत में है। लेकिन येन-केन-प्रकारेण तथा लगातार नयी दलीलें देकर अपना प्रत्यर्पण टालने में सफल रहा है। दरअसल, पश्चिमी देशों में सशक्त नागरिक व मानव अधिकारों का दुरुपयोग ये अभियुक्त अपनी खाल बचाने के लिये बखूबी करते हैं। दूसरे उनके पास घोटाले का पर्याप्त पैसा है, जिससे वे महंगी कानूनी लड़ाई के जरिये अपना बचाव करने में कामयाब होते रहे हैं। बहरहाल, भले ही चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी हो गई है,लेकिन उसकी जल्दी वापसी इतनी भी आसान नहीं है। इस मामले को देख रहे अधिकारियों को अभी लंबी कानूनी लड़ाई के लिये तैयार रहना होगा। यह तय है कि चोकसी अपनी रिहाई सुनिश्चित करने तथा अपना प्रत्यर्पण टालने के लिये कानूनी मोर्चे पर कोई कसर नहीं छोड़ने वाला है।
निश्चित रूप से हमें बचाव पक्ष के वकीलों की रणनीति को लेकर कोई आश्चर्य न होगा कि चोकसी के खराब स्वास्थ्य को आधार बनाकर जमानत लेने का प्रयास किया जाए। खबरों में बताया जा रहा है कि चोकसी कैंसर का इलाज करा रहा है। वहीं दूसरी ओर देश में अपराध करके भागने वाले लोग विदेशी अदालतों में यह दलील देने से नहीं चूकते कि भारत में जेलों के हालात खराब है और वे उन स्थितियों में नहीं रह सकते। ऐसे में भारतीय जांच एजेंसियों को इस तरह के कुतर्कों का पुख्ता तरीके से मुकाबला करने के लिये पूरी तैयारी के साथ विदेशी अदालतों में अपना पक्ष सशक्त ढंग से रखना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस प्रकरण में भारत के सबसे बड़े बैंक घोटाले की जांच दांव पर है। इसके अलावा इस मामले में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की प्रभावशीलता की भी कसौटी शामिल है।

# तेजस्वी-राहुल मुलाकात में भी नहीं बनी बात: महागठबंधन में पेंच अभी फंसा हुआ है!



» संतोष कुमार पाठक

वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।

बिहार के लगातार दौरे पर जाकर राहुल गांधी ने राज्य की राजनीति को समझने का प्रयास किया। अपने करीबी नेता कृष्णा अल्लावरु को बिहार कांग्रेस का प्रभारी बनाकर भेजा। लालू यादव के करीबी माने जाने वाले अखिलेश प्रसाद सिंह को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर एक दलित नेता राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया।

बिहार की राजनीति में 90 के दशक में लालू यादव के ताकतवर होने के साथ ही कांग्रेस समेत अन्य कई राजनीतिक दलों के बुरे दिन शुरू हो गए थे। बीजेपी के समर्थन से सरकार चला रहे लालू यादव ने वर्ष 1990 में लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करा कर सबको चौंका दिया था। उस समय आडवाणी को जिस अधिकारी (आरके सिंह) ने गिरफ्तार किया था, उन्हें नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार में केंद्रीय मंत्री भी बनाया था। वहीं सरकार को बनाए रखने के लिए लालू यादव ने अनगिनत बार कम्युनिस्ट पार्टी के विधायकों को तोड़ने का काम किया। कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल को तो लालू यादव ने बिहार में अपनी बी टीम बनाकर छोड़ दिया था। लालू यादव सीधे कांग्रेस आलाकमान से डील किया करते थे और बिहार कांग्रेस के नेताओं को हमेशा लालू यादव से डर कर रहना पड़ता था।

बिहार में कांग्रेस नेताओं की हालत इतनी दयनीय हो गई थी कि हाल ही में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दिल्ली में हुई बैठक में कई नेताओं ने यह शिकायत भी की कि आरजेडी के नेता कांग्रेस नेताओं को सम्मान नहीं देते हैं। उस समय राहुल गांधी ने कहा था कि सम्मान मांगने से नहीं मिलता,



बल्कि सम्मान हासिल करना पड़ता है। लेकिन राहुल गांधी के मिशन बिहार से काफी कुछ बदलता हुआ नजर आ रहा है।

बिहार के लगातार दौरे पर जाकर राहुल गांधी ने राज्य की राजनीति को समझने का प्रयास किया। अपने करीबी नेता कृष्णा अल्लावरु को बिहार कांग्रेस का प्रभारी बनाकर भेजा। लालू यादव के करीबी माने जाने वाले अखिलेश प्रसाद सिंह को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर एक दलित नेता राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। लालू यादव और तेजस्वी यादव की नाराजगी के बावजूद कन्हैया कुमार को ह्यपलायन रोको, नौकरी दोह्ल यात्रा का चेहरा बनकर बिहार की सड़कों पर उतरने का मौका दिया। आने वाले दिनों में लालू यादव और तेजस्वी यादव की नाराजगी के बावजूद पप्पू यादव को भी बड़ी भूमिका देने की खबरें निकल कर सामने आ रही है।

कांग्रेस के आक्रामक तेवरों को देखते हुए लालू यादव काफी हद तक असहज हो गए। उन्होंने अपने बेटे तेजस्वी यादव (जिन्हें वे पहले ही मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं) को पटना में 17 अप्रैल को होने वाली महागठबंधन की बैठक से पहले ही राहुल गांधी के साथ सब कुछ तय करने के लिए आनन-फानन में दिल्ली भेजा। मंगलवार को तेजस्वी यादव ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर राहुल गांधी के साथ बैठक की। लेकिन राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव को कांग्रेस की अहमियत बताने के लिए इसको एक बड़ी बैठक बना दिया। इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और गुरदीप सिंह सप्पल भी मौजूद रहे। वहीं तेजस्वी यादव अपने साथ पार्टी के राज्यसभा सांसद मनोज झा और संजय यादव को लेकर गए थे।

लेकिन तेजस्वी यादव की यह दिल्ली यात्रा उनके लिए उतनी लाभदायक नहीं रही, जितनी वह उम्मीद कर रहे थे। कांग्रेस ने आरजेडी के ऑफर (यानी 50 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने) को सिरे से नकार दिया और पिछली बार की तरह 70 सीटों की मांग रख दी। इतना ही नहीं कांग्रेस की तरफ से यह भी कहा गया कि पिछली बार की तरह कांग्रेस कमजोर और हारने वाली सीटों को स्वीकार नहीं करेगी। सीट को लेकर विस्तार से चर्चा पटना की बैठक में होगी। वहीं मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर भी कांग्रेस ने फिलहाल अपने पत्ते खोलने से साफ इनकार कर दिया है।

दिल्ली की बैठक बेनतीजा रही, यह बैठक के बाद आए बयानों से भी साफ पता चलता है। बड़ी उम्मीदों के साथ दिल्ली आए तेजस्वी यादव ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि, ह्लपता नहीं आप लोग क्यों चिंतित रहते हैं चेहरे के लिए। यह हम लोगों की चीजें हैं। हम लोगों की बातचीत के बाद सारी चीजें सामने आ जाएंगी। इसमें आप लोगों को परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर पत्रकारों ने यही सवाल बैठक से बाहर आए कांग्रेस के नेताओं से भी पूछा।

बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने है। आरजेडी चाहती थी कि पहले कांग्रेस के साथ सारे मुद्दे तय कर लिए जाएं, फिर गठबंधन में शामिल अन्य राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाए। लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में खरगे के आवास पर हुई पहले दौर की बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। आपको बता दें कि, 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे के तहत आरजेडी 144, कांग्रेस 70, सीपीआई (एमएल) 19, सीपीआई 6 और सीपीआई (एम) 4 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। विपक्षी गठबंधन के प्रदर्शन की बात करें तो, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआई(एमएल) को 12 और सीपीआई एवं सीपीआई(एम) को 2-2 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

## मुद्दा

### वक्फ

» ललित गर्ग

अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं।
अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।
यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है ? यह कैसी शासन-व्यवस्था है ? यह कैसा दोगलापन है ? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है।

## पर्सनालिटी

# कॉमेडी की दुनिया के बेताज बादशाह थे चार्ली चैपलिन, ऑस्कर से किया गया था सम्मानित

» अनन्या मिश्रा

16 अप्रैल को शानदार अभिनेता और कॉमेडियन चार्ली चैपलिन का जन्म हुआ था। चार्ली चैपलिन का नाम सुनते ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है।

उनकी अदाकारी, बातों और लहजे हर एक अंदाज में लोगों को हंसाने की कला छिपी थी। भले ही उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों को हंसाने में निकाल दिया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी किसी त्रासदी से कम नहीं रही। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर दिवंगत महान कलाकार चार्ली चैपलिन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



#### जन्म और परिवार

लंदन में 16 अप्रैल 1889 को चार्ली चैपलिन का जन्म हुआ था। बचपन में ही उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद उनको अपनी मां के साथ आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। ऐसे में कम उम्र में ही चार्ली के ऊपर परिवार चलाने की जिम्मेदारी आ गई। चार्ली चैपलिन के पिता एक फेमस गायक और अभिनेता थे। तो वहीं उनकी मां हन्ना चैपलिन भी एक गायिकी और एक्ट्रेस थीं। माता-पिता के अभिनय जगत से होने के चलते चार्ली चैपलिन को एक्टिंग विरासत में मिली थी। वहीं 13 साल की उम्र में चार्ली की मां बीमार हो गईं, जिसके चलते उन्होंने छोटे-मोटे काम करना शुरूकर दिया।

#### कॉमिक एक्टर और फिल्ममेकर

बता दें कि 14 साल की उम्र में पहली बार चार्ली चैपलिन ने एक नाटक में कॉमिल रोल किया था। इस रोल को दर्शकों को काफी सराहा गया था। चार्ली ने कॉमिक एक्टर और फिल्ममेकर के तौर पर अपना करियर बनाया था। वह अपने पूरे जीवन में लोगों को हंसाते रहे, लेकिन अगर आप करीब से उनकी जिंदगी देखेंगे, तो यह त्रासदी नजर आती है। वह मूक फिल्म युग के सबसे रचनात्मक और प्रभावशाली व्यक्तित्व में से एक थे।

चार्ली चैपलिन कला के हर क्षेत्र में माहिर थे, वह अपनी फिल्म में निर्देशन, पटकथा, अभिनय, निर्माण और संगीत खुद दिया था। साल 1940 में चार्ली चैपलिन ने तानाशाह हिटलर पर एक फिल्म बनाई थी। इस फिल्म का नाम ह्यद ग्रेट डिक्टेटरह्ल था।

इस फिल्म में उन्होंने हिटलर का रोल निभाया था। वहीं फिल्म में चार्ली द्वारा हिटलर को कॉमिक कैरेक्टर के रूप में पेश दर्शकों को बहुत पसंद आया था।

इस फिल्म के बाद उन्होंने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं। साल 1973 में चार्ली चैपलिन को ऑस्कर से सम्मानित किया गया।

#### मृत्यु

अपने शानदार अभिनय से लोगों को हंसाना वाले चार्ली चैपलिन का 25 दिसंबर 1977 में 88 साल की उम्र में निधन हो गया। आज भी मनोरंजन और ठहाकों का प्रतीक चार्ली चैपलिन को माना जाता है।

## आज का इतिहास

#### 17 अप्रॅल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1995 - पाकिस्तान में बाल मजदूरी को समाप्त करने वाले युवा कार्यकर्ता इकबाल मसीह की हत्या।
2003 - 55 वर्षों बाद भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन।
2006 - सूडान के रवैये से चाड अफ़्रीकी संघ शांति वार्ता से हटा।
2007 - 2014 के एशियाड के लिए दक्षिण कोरिया को मेजबानी मिली।
2008 - मुद्रास्फीति की दर 0.27% गिरकर 7.14% हुई। हानुंग टामस एण्ड टेक्सटाइल्स लिमिटेड ने चीन की कम्पनी को खरीदने के लिए सहमति ज्ञापन दिया।
भारत व ब्राजील के बीच चार महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए।

#### 17 अप्रॅल को जन्मे व्यक्ति


1941 - आशाराम बापू - प्रसिद्ध भारतीय आत्मज्ञानी संत।



1961 - गीत सेठी - भारत के बिलियड्‌र्स और स्नूकर खिलाड़ी।
1912 - तकाजी शिवशंकरा पिल्लै - मलयालम में रचना करने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार थे।
1900 - बिनोदानन्द झा - बिहार के भूतपूर्व तीसरे मुख्यमंत्री थे।
1990 - बेनो जेफाइन - भारत की पहली पूरी तरह से दृष्टिहीन आईएफएस अधिकारी हैं।

#### 17 अप्रॅल को हुए निधन

2021 - विवेक (अभिनेता) - फिल्म कलाकार, हास्य अभिनेता, पार्श्वगायक और सामाजिक कार्यकर्ता थे।
2013 - वी. एस. रमादेवी - भारत की प्रथम महिला मुख्य चुनाव आयुक्त थीं।
2011 - ब्रिगेडियर भवानी सिंह - महावीर चक्र से सम्मानित जयपुर के महाराजा थे।
2005 - विष्णु कांत शास्त्री, भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार थे। ये उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी रहेन थे।
2001 - नरेंद्र कोहली - हिन्दी के उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार एवं व्यंग्यकार थे।
1997 - बीजू पटनायक - प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता तथा उड़ीसा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।
1975- सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति



1946 - वी. एस. श्रीनिवास शास्त्री - भारत के समाज सुधारक।
1908 - राधानाथ राय - उड़िया भाषा और साहित्य के प्रमुख कवि।
1794 - विलियम जोंस - अंग्रेज प्राच्य विद्यापंडित और विधिशास्त्री तथा प्राचीन भारत संबंधी सांस्कृतिक अनुसंधानों के प्रारम्भकर्ता।

#### 17 अप्रॅल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

विश्व हीमोफीलिया दिवस
फायर सर्विस सप्ताह

# एआरपी रहे शिक्षकों का कार्यकाल सराहनीय, ब्लॉक को निपुण बनाने में निभाई महती भूमिका

» मनोज शर्मा/सब का सपना

**रहरा:** ब्लॉक संसाधन केंद्र चन्दनपुर खादर पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) रहे शिक्षक साथियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विकास क्षेत्र गंगेश्वरी में विगत 5 वर्षों से कार्यरत रहे ARP क्रमशः विकास राहुल, लख्मी सिंह,संजय सिंह, सत्यपाल सिंह एवं तूफान सिंह कटारिया को विदाई दी गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सभी का कार्यकाल बहुत शानदार रहा। पांचों एआरपी साथियों ने ब्लाक गंगेश्वरी को निपुण बनाने में, विभागीय क्रिया कलापों को क्रियान्वित कराने के साथ साथ समय-समय पर प्रशिक्षण आदि के माध्यम से सपोर्टिव सुपरविजन किया ।जिसके चलते ब्लॉक निपुण बनने की ओर अग्रसर है ।साथ ही ब्लॉक को प्रत्येक गतिविधि में जनपद स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान तक पहुंचाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने सभी ARP के कार्यकाल की सराहना की और नवीन गन्तव्य के शुभकामनाएं प्रेषित की ।अंत में शाल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया ।साथ ही नवचयनित गणित विषय के एआरपी महीपाल सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, मंत्री प्रदीप भाटी,पवन अग्रवाल,करनपाल, प्रमोद कुमार,डा.विनोद कुमार,संजय सिंह,गौतम सिंह,विजय धामा, बिजेंद्र सिंह,महताबउददीन, संदीप कुमार, परवीन सिंह, राहुल सागर, देवराज सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, प्रदीप वर्मा,गौरव चड्डा, रोशनलाल, देशराज सिंह, नितिन तोमर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने की एवं संचालन संकुल शिक्षक करनपाल ने किया।





## संक्षिप्त खबरें

### साइबर पुलिस ने जुबिलेंटकर्मी के वापस कराये 30,697 रुपये



» कविन्द्र सिंह/सब का सपना

**गजरौला/अमरोहा:** साइबर ठगों ने गजरौला में स्थित जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में कार्यरत एक कर्मचारी के खाते से 30,697 रुपये उड़ा लिए जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। उन्होंने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।पुलिस के अथक प्रयासों से पीड़ित की रकम वापस हो गई। उन्होंने अमरोहा पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि विजेन्द्र सिंह निवासी जुबिलेन्ट फेस - II थाना गजरौला जनपद अमरोहा के द्वारा दिनांक 28 मार्च को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था कि वादी के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधडी कर धनराशि ट्रांफर कर ली गई है,जिसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना साइबर क्राइम टीम जनपद अमरोहा को अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके बाद साइबर पुलिस टीम के अथक प्रयासों के द्वारा बुधवार को पीड़ित बिजेंद्र सिंह को 30,697 रुपए की धनराशि वापस कराई गई ।जिसको पाकर पीड़ित के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।

### सात माह से रोजगार सेवकों को नहीं मिला मानदेय, बोले,अधिकारियों के उत्पीड़न को रोका जाए



» मनोज शर्मा/सब का सपना

**धनौरा/अमरोहा :** ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति की बैठक में रोजगार सेवकों ने अधिकारियों पर शोषण करने का आरोप लगाया। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति की बैठक विकासखंड सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चीनू सागर ने की। जिला अध्यक्ष कुबेर सैनी ने कहा कि चार माह से मनरेगा मजदूरों द्वारा किए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान बकाया है उसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। रोजगार सेवकों को सात माह से मानदेय भी नहीं मिला है। रोजगार सेवक मांधाता सैनी ने कहा कि मनरेगा मजदूर भुगतान न होने पर मनरेगा योजना से दूरी बना रहे हैं और गेहूं की फसल कटाई कर रहे हैं इस कारण ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कुबैर सैनी, चीनू सागर, अमित सिंह, इकबाल, विनोद कुमार, नाजिर हुसैन, आशिफ खान, निर्देश कुमारी, गुफरान, अनीस, कृपाराम, साजिद, भूपसिंह, इसरार, संजीव, नरेश, अरुण, ओमपाल आदि मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर , तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# किसान दिवस में जिला अधिकारी के सामने किसानों ने रखी अपनी समस्याएं

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों ने एक-एक करके बिजली, पानी, सड़क, नलकूप, गन्ना भुगतान, नमामि गंगे सहित अन्य संबंधित शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। किसान भाईयो ने नमामि गंगे योजना के अर्न्तगत जैविक खेती के लिये सरकार द्वारा किसान भाईयों के खाते में धनराशि भेजी गई थी लेकिन वो धनराशि किसान भाईयो से वापस ले ली गई जिसके लिये एक कमेटी गठित करके भ्रष्टाचार की जांच की जाने की मांग जिलाधिकारी से की।





किसान भाइयों ने जिलाधिकारी के समक्ष गोल्ड क्रेडिट कार्ड पर बैकों द्वारा 09 प्रतिशत चार्ज बसूलने की समस्या रखी, जिस पर उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए की बैंक से संबंधित किसान भाइयों की जो भी समस्या है उनका निराकरण उचित प्रकार करें। उन्होनें कहा कहा कि जो भी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

उन्होनें जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी किसान भाईयों का गन्ना भुगतान जो रहे गया है उसे समय के साथ भुगतान पूरा कर दिया जाये।

किसान भाईयो ने विद्युत सम्बन्धित समस्याओं में ट्रान्सफार्मर खराब होने, बिजली के मार टूट जाने और गले हुये खम्भों के बरों में जिलाधिकारी के समक्ष रखा। किसान भाईयों ने मांग की कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निवास करें ताकि किसी समस्या के आने पर उनसे मिला जा सके और निरन्तर निर्बाध बिद्युत आपूर्ति की मांग की ताकि सिंचाई मे कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी नें विद्युत विभाग के लाईनमैन सहित भ्रष्टाचार में लिप्त अन्य विद्युत कार्मिको पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशा है कि किसानों के समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिलें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस में जो आज शिकायत आयी है, उनको पारदर्शिता पूर्वक निस्तारण करें, और जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते कार्य को पूर्ण करें और किसानो को अनावश्यक परेशान न होने पड़े।

किसान दिवस मे मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि रामप्रवेश, जिला कृषि अधिकारी बब्लू सिंह, अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 एवं विद्युत, जलनिगम के अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## बीट बुक का बेहतर रखरखाव करने पर आरक्षी का नगद पुरस्कार देकर किया गया उत्साह वर्धन

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा बीट कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ करने हेतु प्रतिदिन पुलिस कार्यालय में प्रत्येक थाने से एक-एक बीट आरक्षी को बुलाकर उनकी बीट बुक चैक की जा रही है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों से आये बीट आरक्षियों की बीट बुक चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट मे भ्रमण करने व बीट बुक को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिए गए तथा उत्कृष्ट बीट बुक का रख-रखाव व बीट में बेहतर कार्य करने वाले बीट आरक्षी योगेश कुमार थाना आदमपुर का नकद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बीट पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से सतत संवाद बनाएं। सूचनाओं का समय से संकलन करें



तथा बीट बुक्स में सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण, अद्यतन एवं प्रामाणिक रूप से दर्ज करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी पारदर्शी और उत्तरदायी कार्यशैली से जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

## पुलिस लाइन में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** वामा सारथी जनपद पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में महिला पुलिसकर्मियों एवं परिवारजनों के लिये स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ लेने एवं स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से पुलिस लाइन परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में कुशल चिकित्सकों द्वारा जिसमें महिला पुलिसकर्मियों एवं पुलिस परिवार के सदस्यों की जांच कर उनकों चिकित्सीय सलाह एवं निःशुल्क दवा वितरित की गयी।

इस दौरान डा0 नवनीत एम0ओ सीएचसी अमरोहा, डा0 दीपू एल0एम0ओ0 सीएचसी अमरोहा ,डा0 प्रवेश गुप्ता एलटी सीएचसी अमरोहा आदि कुशल चिकित्सक मौजूद रहे। जिनके द्वारा महिला पुलिसकर्मियों व उनके







परिवार के सदस्यों का चैकअप किया गया। जिसमें जनपद की लगभग 35 महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया।

## किसान समाधान दिवस पर गरजी भाकियू शंकर, 12 सूत्रीय मांगपत्र डीएम को सौंपा

» सौरभ गोस्वामी/सब का सपना

**अमरोहा:** भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने बुद्धवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान समाधान दिवस में किसान समस्याओं व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए इनके त्वरित निस्तारण की मांग की है।






कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान समाधान दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी समेत अन्य विभागों के तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि जनपद के सभी सरकारी विभागों में भ्ष्टार्चार अपने चरम पर है,किसानों व आम जनता का शोषण किया जा रहा है।

किसानों को गन्ने का अवशेष मूल्य भुगतान ब्याज सहित कराया जाना चाहिए, साथ ही सत्र 2025-26 के लिएं 450 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित किया जाए।

यूपी प्रथमा ग्रामीण बैंक की 956 शाखाओं के द्वारा गोल्ड केसीसी पर लगाए जाने वाले 9% ब्याज के फैसले को वापस लिया जाए। केसीसी की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है किंतु सभी बैंकों ने अभी ऐसा नहीं किया है, इसका लाभ सभी किसानों को बराबर मिलना चाहिए, सभी कृषक पोषकों पर 10 घण्टे निर्बाध आपूर्ति करने के साथ पुरानी व जर्जर विधुत लाइनों को सही कराया जाए, जनपद में नकली पेस्टीसा-इड-जीवन रक्षक दवाओं व मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर सख़्त कार्यवाही की जाए। नहरों की साफ सफाई कराकर उनमें सिंचाई के पानी छोड़ा जाए, ग्रामीण इलाकों में सभी शराब की दुकानों को आबादी से बाहर शिफ़्ट कराया जाए, आवारा पशुओं-खूंखार कुत्तों व बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाई जाए साथ ही आवारा पशु से दुर्घटना में मृतक आश्रितों को 10 लाख की आर्थिक सहायता दिलाई जाए।

निजी स्कूलों द्वारा मनमानी करते हुए फीस व पुस्तकों के मूल्य में भारी बढोत्तरी करके छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है जिसे बंद कराया जाए। नमामि गंगे योजना में गंगा किनारे बसे इलाकों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें सरकार द्वारा भारी भरकम प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, इस योजना में बड़े स्तर पर भ्ष्टार्चार किया जा रहा है जिसकी व्यापक स्तर पर जांच होने के बाद दोषी अधिकारी व कर्मचारियों पर सख़्त कार्यवाही होनी चाहिए। यदि इन सभी समस्याओं का जल्द ही कोई निस्तारण नहीं किया जाता है तो फिर भाकियू शंकर के द्वारा व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह,विक्रम सिंह, ललित कुमार-,अशोक चौधरी,अंकिता चौधरी,अमरपाल सिंह,चमन सिंह व राकेश रतनपुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद सुरक्षा, रिक्त दुकान, खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन



» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/ (सम्भल ):** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में खाद सुरक्षा, रिक्त दुकान, खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी खाद्यान्न समय से पहुंचने के विषय में जिलाधिकारी को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों से कहा कि जहां खाद्यान्न समय से नहीं पहुंच रहा है उन दुकानों की सूची दो दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अवगत करा दें।

राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गयी। ब्लॉक स्तर पर समन्वय किया जाए जो भी प्रस्ताव ब्लॉक स्तर पर लंबित हैं उनका शीघ्र ही निस्तारण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मॉडल शॉप का निर्माण नहीं हुआ है उनका शीघ्र निर्माण कराया जाए। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मॉडल शॉप का निर्माण हो चुका है उनको हैंडओवर कराते हुए सक्रिय किया जाए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में भूमि का आवंटन नहीं हुआ है उन ग्राम पंचायत की सूची दें जिससे भूमि का आवंटन किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो मॉडल शॉप निर्माणधीन है उनके गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए शीघ्र को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, समस्त पूर्ति निरीक्षक, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जन सुनवाई कर समस्याओं को सुना



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।

द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की समस्याओं को सुना

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। बुधवार को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### बकरा चोर को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस ने भेजा जेल

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। थाना क्षेत्रांतर्गत के ग्राम रूपपुर बहादुरपुर में गांव वालों ने बाइक पर बकरा चोरी कर ले जा रहे दो चोरों को दौड़ाकर एक को पुलिस को सौंप दिया। जबकि उसका साथी चकमा देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया। मंगलवार की शाम गांव त्रिलोकपुर निवासी नरेश कुमार पुत्र केवल का बकरा घर के बाहर बैठा था। मोटरसाइकिल सवार दो युवक आये और बकरा चोरी कर बाइक पर रखकर भागने लगे। बकरे के आवाज करने पर ग्रामीणों ने बाइक सवार चोरों का पीछा किया। घिरता देखकर गांव रूपपुर बहादुरपुर के निकट चोर बकरे और बाइक को सड़क पर छोड़कर खेतों में भागने लगे। ग्रामीणों ने पीछा कर एक चोर को पकड़कर जमकर धुनाई लगाई। पता करने पर अपना नाम अजहर पुत्र अलीम निवासी थाना सिविल लाइन काजीपुरा ,भागने वाले चोर का नाम कलुआ पुत्र शाकिर जवाहर नगर काजीपुरा बताया। ग्रामीणों ने चोर को कई घंटे तक बंधक बनाए रखा। ग्रामीणों ने चोर और चोरी में प्रयुक्त बाइक को सिरसवा दोराहा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने नरेश की तहरीर पर दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने पड़ोसी युवक के खिलाफ सोलह वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। ग्रामीण का कहना है। कि पड़ोसी युवक फैजान पुत्र साबिर मंगलवार की शाम चार बजे बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बुधवार को बेटी भोजपुर के बाजार में घूमते मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फ्लैक्सी लगाकर यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक




सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे। मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत में मुरादाबाद से चन्दौसी अलीगढ हाईवे के किनारे पर फलैक्सी लगाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया। तथा सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

# मकान के अंदर अवैध रूप से भैंस काटते एक गिरफ्तार, चार फरार

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर । पुलिस ने मौहल्ला गुलाबबाड़ी में घर में चल रहे अवैध स्लाटर हाउस में छापेमारी कर पांच भैंसवंसीय पशुओं को कटा पकड़ा।

पुलिस ने मौके से इलेक्ट्रॉनिक कांटा , वाहन, 850 किग्रा मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरणों समेत एक आरोपी को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। पांच आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। कस्बा चौकी प्रभारी ब्रजपाल सिंह ने बुधवार की सुबह को करीब नौ बजे मौहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी सुनीर पुत्र फारूख कुरैशी के घर छापे मारी की।

छह युवक भैंसवंसीय पशुओं का कटान कर उनके छोटे टुकड़े करते हुए मिले। पुलिस को देखकर पांच आरोपी दीवार कूदकर भाग गए।

पुलिस ने मौके से अब्बास पुत्र नदीम निवासी जमा मस्जिद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने भागे हुए साथियों के नाम सुनील, नावेद,जहांगीर,नईम निवासी जमा मस्जिद और अरबाज पुत्र मोबीन निवासी सराय खजूर थाना छजलैट बताए। पुलिस ने मौके से 850 किग्रा मांस को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक डॉ.अभिलाषा से चेकअप कराया तो उन्होंने मांस का भैंसवंसीय होने की पुष्टि की।

पुलिस ने मांस और पशुओं के अवशेषों को केमिकल डालकर अपनी मौजूदगी में जंगल में गड्ढा खोलकर मिट्टी में दफन कर दिया। पिकअप, छुरी, कुल्हाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि को सीज कर छह मांस तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बिलारी के साथ मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु थाना मैनाठेर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर,चिह्नित दुर्घटना संभावित स्थानों ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये।

# पीतल कारोबारी को बंधक बनाकर लूट को दिया अंजाम

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पीतल कारोबारी को बंधक बनाकर लूट को दिया अंजाम मंगलवार देर रात घर में घुसे बदमाशों ने पीतल कारोबारी को बंधक बनाकर शौचालय में कर दिया था बंद कारोबारी के अनुसार पंद्रह लाख रुपए नगद 85 ग्राम जेवरात और लाइसेंस रिवाल्वर लूटकर बदमाश दीवार फांदकर फरार हो गए।

सुबह लगभग नौ बजे पीतल कारोबारी की बेटी ने दरवाजा खोलकर पीतल व्यापारी को शौचालय से निकाला। कारोबारी के अनुसार घटना में किसी नजदीकी व्यक्ति का हाथ होने की संभावना की जा रही है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से फुटेज निकाले गए। पुलिस टीम की मदद से वारदात का खुलासा जल्द करने को कहा।

# उत्तर प्रदेश : दो समूहों के बीच झड़प में 60 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

सब का सपना संवाददाता

मुजफ्फरनगरः उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में मामूली विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो समूहों के बीच हिंसक झड़प में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई जबकि उन्हें बचाने गया उनका बेटा हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात काकरोली थाना क्षेत्र के कादी निजामपुर गांव में हुई। पुलिस ने बुधवार को इस संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान श्यामलाल (60) के रूप में हुई है, जबकि उनके बेटे रमेश को गंभीर चोटें आई हैं। कुमार ने बुधवार को



संवाददाताओं को बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया कि किसी बात को लेकर सौरभ और विनोद कुमार नाम के लोगों के बीच विवाद शुरू हुआ था लेकिन बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई तथा दोनों समूहों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर कथित रूप से लाठियों से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, झड़प के दौरान श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गये और बीच-बचाव करने की कोशिश में उनका बेटा रमेश भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया, मामले की जांच की जा रही है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और तनाव को रोकने के लिए गांव में अतिरिक्त सुरक्षा तैनात की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने संवाददाताओं को बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर श्रवण, शिवकुमार, नितिन और आकाश को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि विवाद मृतक श्यामलाल के भतीजे और आरोपी श्रवण की पत्नी के बीच अवैध संबंधों के कारण हुआ था।

# भोजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई भैंस वंशीय पशु कटान करते हुए चार गिरफ्तार, 04 फरार

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। पुलिस ने मौहल्ला गुलाबबाड़ी में हसनैन के घर भैंसों का कटान कर रहे चार मांस कारोबारियों को पकड़ लिया। चार तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके से इलेक्ट्रॉनिक कांटा, वाहन, आठ सौ किग्रा मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरणों को कब्जे में लेकर आठ मांस कारोबारियों के खिलाफ अवैध रूप से पशुओं का कटान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार की सुबह को करीब नौ बजे सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने थाने से चंद कदमों की दूरी पर मौहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी हसनैन पुत्र फकीरा के घर छापे मारी की। आठ युवक भैंसवंसीय पशुओं का कटान कर उनके छोटे टुकड़े करते हुए मिले। पुलिस को देखकर चार आरोपी दीवार कूदकर भाग गए। पुलिस ने मौके से शादाब, तौहीन, परवेज, आफताब निवासी जमा मस्जिद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने भागे हुए साथियों के नाम हसनैन,नदीम,अजहर और मुरसलीन बताए। पुलिस ने मौके से आठ सौ किग्रा मांस को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक डॉ.अभिलाषा से चेकअप कराया। उन्होंने मांस का भैंसवंसीय होने की पुष्टि की। पुलिस ने मांस और पशुओं के अवशेषों को केमिकल डालकर अपनी मौजूदगी में जंगल में गड्ढा खोलकर मिट्टी में दफन कर दिया। पिकअप, छुरी, कुल्हाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि को सीज कर आठ मांस कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए चार आरोपियों का चालान कर जांच शुरू कर दी है।

# सक्रिय सदस्यता ही भविष्य का पायदान,भाजपा ने सदस्यता सम्मेलन में गिनाई सरकार की उपलब्धियां, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बांटे हेलमेट

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। मूंढापांडे कुंदरकी विधानसभा में भाजपा सदस्यता सम्मेलन का आयोजन उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिलाध्यक्ष आकाश पाल की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के कार्यालय भदासना पर आयोजित किया गया कार्यक्रम में सैकड़ो राशन कार्ड और हेल्मेट वितरित किये गए। जिलाध्यक्ष ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी विधानसभाओं में सर्वाधिक सक्रिय सदस्य कुंदरकी विधानसभा से आते हैं। जनपद में दो हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। उन्होने कहा सभी सक्रिय सदस्यों को अलग अलग दायित्व सौंपा जायेगा। जिसमें आने वाले चुनाव की भूमिका और विजया पर्व को निश्चित करना है।

सम्मेलन में वक्ताओं को विषयानुसार सम्बोधित करने के लिए आंमत्रित किया गया वक्ता आचार्य नरेन्द्र कश्यप नें कहा कांग्रेस द्वारा साठ वर्ष शासन करने पर भी देश का उत्थान नहीं कर सकी एवं देश प्रदेश में द्विपक्षीय शैली से काम किया उन्होने कहा राजनीतिक परिवर्तन के तहत भाजपा अपने दृण संकल्प पर अडिग रही मुख्य वक्ताओं में सम्मेलन को संबोधित करते हुए। सदस्य विधानपरिषद डॉ जयपाल सिंह व्यस्त नें कहा सक्रिय सदस्यता ही आपको तरक्की की ओर लेकर जायेगी सदस्यों से संगठन को मजबूती देते रहने के



लिए अपील की उन्होने कहा यातायात माह के प्रति संवेदनशील होकर यातायात पुलिस का सहयोग करें। नियम का पालन स्वयं कर सुरक्षित रहे। सम्मेलन मे कार्यकताओं को यातायात विभाग की ओर से नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा विधायक ने सभी वक्ताओं और कार्यकताओं का अभिवादन किया कार्यकताओं को हेल्मेट वितरित किये गये। इस अवसर पर एसपी सिटी कुंवर रणविजयसिंह, सीओ हाईवे अंकित कुमार , थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ,पूर्व प्रत्याशी लोकसभा संभल परमेश्वर लाल सैनी, जिला महामंत्री राजन विश्नोई एवं कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नवदीप यादव ब्लॉक प्रमुख ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक



» सब का सपना संवाददाता

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सीएमओ डॉ सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी के अतिरिक्त अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मॉनिटरिंग एजेंसियों की फीडबैक जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि सभी विभागों की गतिविधियों में व्यापक सुधार हुआ है और सभी में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। इस पर जिला अधिकारी महोदया ने मॉनिटरिंग एजेंसियों को फोटो वीडियो के साथ मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी से जब फॉगिंग मशीनों की संख्या की जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतो के पास ही फॉगिंग मशीन उपलब्ध है। डीएम महोदया ने समस्त पंचायतों के पास फॉगिंग मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी गण को निर्देशित किया गया कि जले हुए मोबिल तेल का जल भराव वाले स्थानों में डाल कर मच्छरों के प्रजनन को रोका जाए। साथ ही सीएमओ सर से संचारी रोगों के विषय में जानकारी ली गई।

### गाजियाबाद में आयुष्मान भारत योजना की जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक संपन्न



» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सोमवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) की जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री दीपक कुमार मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम, डॉ. राजेश तेवतिया, आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट, सपोर्ट एजेंसी एवं पंजीकृत निजी व राजकीय चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
जिलाधिकारी ने योजना से संबंधित प्राप्त शिकायतों, लंबित भुगतानों, तकनीकी समस्याओं, और क्लेम की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र लाभार्थी अनावश्यक कारणों से योजना के लाभ से वंचित न हो।
उन्होंने कहा कि सभी पंजीकृत चिकित्सालय जनजागरूकता के लिए अपने स्तर से प्रचार-प्रसार की कार्य योजना बनाएं। साथ ही, वेटिंग एरिया और रिसेप्शन के पास विशेषज्ञ सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाए, जिससे लाभार्थियों को सही मार्गदर्शन मिल सके। इसके अलावा एक फिक्स मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए, ताकि मरीज किसी प्रकार की परेशानी की स्थिति में सीधे शिकायत कर सहायता प्राप्त कर सकें बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी व संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपने सुझाव भी साझा किए।

कस्बा धौलाना में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 134वें जन्मदिन पर धुमधाम से निकली शौभा यात्रा, बाबा साहेब के नारों से गूंज उठा धौलाना

# बाबा साहेब की शौभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

» सब का सपना संवाददाता

**धौलाना।** बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती पर कस्बा धौलाना में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल बैंड बाजों की धुनों पर युवाओं ने जमकर खुशी मनाई। इस दौरान बड़ी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के आनंदकुमार, मूलचंद गौतम, दयानंद जाटव, चंद्रपाल सिंह, रामवीर सिंह काका व प्रदीप शर्मा इकला वाले प्रदेश प्रभारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व भाजपा नेता ने बड़ा मौहल्ला से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में धौलाना क्षेत्र के भी लोग पहुंचे। शोभा यात्रा बड़ा मौहल्ला से होकर, बड़ा बाजार, तकिये के पास से, काजीवाड़ा मौह, भटोनिया मौह, धौलाना पिलखुवा मार्ग, धौलाना पिलखुवा चौक, मुख्य बस स्टेंड़, जिला सहकारी बैंक मार्ग, छोटा मौहल्ला से होकर पैठ के चबुतरे से होकर बड़ा शिव मन्दिर से होकर वापिस बड़ा मौहल्ला में पहुंच कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिवर्तित हो गयी। शोभा यात्रा में मुस्लिम समुदायें के लोगो ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शोभा यात्रा को देखने बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बाबा साहब की 3 दर्जनों से अधिक मनोरम झांकी ने सभी लोगों का मन मोह लिया। डा. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के युवा कमेटी के अध्यक्ष गौतम प्रकाश व कोषाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है और सभी वर्गो के हित में कार्य किया है। जिनका जिवन हमें आगे बढने को लेकर प्रेरित करता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष आंनद कुमार व महासचिव मूलचंद गौतम, दयानंद जाटव, चन्द्रपाल सिंह, रामवीर सिंह काका ने युवाओं के साथ 14 अप्रैल को तड़के सुबह साढे चार बजे प्रभात फेरी निकाली, जिसके बाद समिति के लोगों ने कस्बे में बड़ा मौहल्ला में अम्बेडकर भवन व बनोखर मोहल्ले में लगी बाबा साहब की









- बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर महिलाओं ने भी बढ चढकर लिया हिस्सा बाबा साहेब के जय भीम के नारों से किया गुणगान
- शौभा यात्रा के दौरानं मुस्लिम समुदायें के लोगो ने जगह-जगह शबर्त और मिठे मिष्ठान के भंड़ारे आयोजित कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की
- शौभा यात्रा के दौरान मुख्य धौलाना गुलावठी मसुरी मार्ग हो गया था जाम, पुलिस ने सतकर्ता बरतते हुए सकुशल कराया शौभा

प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

मेला सहयोगी डॉ भीम राव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष आनंद गौतम, महासचिव मूलचंद गौतम, दयानंद जाटव, रामवीर सिंह काका, चंद्रपाल सिंह मनवीर उर्फ गौतम, अंकित गौतम, सुंदर जाटव, चेतन प्रकाश, के सहयोग से बाबा साहेब की शोभा यात्रा की व्यवस्था सुरक्षा संभाल कर यात्रा को सहकुशल संपन्न कराया। इस दौरान कस्बे के बड़ा मोहल्ला से सिब्बू कुमार, पुनीत कुमार, ब्रह्म सिंह बीडीसी, सुनील, बबलू, संदीप आनंद, रिंकू काले, आकाश जैस, अन्नू उर्फ बोबी, निखिल, दीपांशु गौतम, हिमांशु गौतम, लेविश, डालचंद, गोपाल, राजकुमार, धर्मेंद्र, ओमददत, अभिषेक जाटव, अंकित वीरपाल, अंकित पप्पी डीजे, राजू, थानसिंह, प्रेमसिंह पीपलेहड़ा डीजे, सौरभ निधावली, भारत सागर जादोपुर, कपिल जाटव, रितिक, डब्बू, जय भीम कुमार, पवन जैक, रविन्द्र भाटी, राकेश पतराम, छोटा मोहल्ला से सोनवीर सिंह, एडवोकेट अनिल कुमार, दरोगा जी, गंगाराम, गंगास्वरुप, डॉ बबलू, ब्रह्म सिंह, ऋषि कुमार, भारत कुमार, सोनू भाई प्रिंटर्स, मनवीर सिंह, भटोनिया मोहल्ला से डॉ सतेंद्र कुमार, गजेंद्र सिंह, सुनील, अनिल, संजय, सचिन, मनोज, महेश गौतम, बनोखर बस्ती से मास्टर महेश, सतीश, शीशपाल, शिवकुमार, विकास, सहित समाजसेवी प्रदीप शर्मा इकला वाले प्रदेश प्रभारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) व भाजपा नेता, , मोहित शर्मा शौलाना, राजीव उपाध्याय उर्फ गुड्डु, संदीप राणा, ठाठ सिंह, सोनू चौहान ठेका वाले, ग्राम प्रधान अतीक अहमद, सगीर अहमद, पूर्व प्रधान इदरीश मलिक, साकिर मूलाजी, फुरकान सैफी, आहिल व रहीम यूट्यूबर, महबूब भाई, इकराम कुरैशी, बबल भाई, डॉ आसिफ, खलील अहमद, युनुस मलिक, समीर मलिक,जुबेर मलिक, कैफ मलिक, जेदू सैफी, शाहनवाज, सादिक भाई, तालिब, हमजा, जावेद कस्सार, मोमिन कस्सार, मोनिश, अयान, डॉ अजीत कुमार देहरा, अर्जुन देहरा, सौरभ निधावली, कपिल जाटव दीननाथपुर पूठि , भारत सागर जादोपुर, सहित सैकड़ों लोग बाबा साहेब की जयंती समारोह शोभा यात्रा में शामिल रहे।

कार्यक्रम को शांति पूर्ण कराने में मुख्य अहम भूमिका थाना धौलाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट, कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक अरुण चौधरी, शिवांग शेखर, शिवम, अरुण कुमार, भूपेंद्र कुमार सहित 2 दर्जनों से अधिक पुलिस टीम का सहयोग रहा।

# भारतीय किसान संगठन ने वेव सिटी में चल रहे धरने को बताया अवैध

### बाहरी नेता आकर कर रहे हैं धरना– प्रदर्शन, संगठन ने कहा कि वेव सिटी ने समझौतों की शर्तों को पहले ही माना

» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** देश की सर्वेश्रेष्ठ हाईटेक सिटी बनने जा रही वेव सिटी के विकास कार्यों में कुछ तथाकथित बाहरी नेताओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को भारतीय किसान संगठन ने अवैध बताया है। जिलाधिकारी गाजियाबाद को लिखे पत्र में संगठन ने कहा कि वेव सिटी समझौता जो मई 2014 में हुआ था उसकी शर्तों को कंपनी ने मान लिया था।

भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल के प्रभारी लोकेश नागर की ओर से लिखे गए पत्र में कहा कि वेव सिटी में चल रहा धरना अवैध है। पत्र में कहा कि यह धरना बाहरी नेताओं की ओर से दिया जा रहा है। पत्र के मुताबिक कंपनी और किसानों



के बीच जो समझौता हुआ था उसे कंपनी ने मान लिया है। पत्र में कहा गया है कि 20 अक्टूबर 2024 को कंपनी और क्षेत्र के लोगों के बीच जो समझौता हुआ उसे कंपनी ने मान लिया और लगातार रजिस्ट्री भी हो रही है। साथ ही कंपनी समझौते के मुताबिक विकास कार्य को भी करा रही है।

पत्र में कहा गया है कि कुछ लोग अधिक दाम में बेची हुई जमीन के लिए भी प्लॉट की मांग कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि 2014 के समझौते से इसका कोई मतलब नहीं है। उस समय भी यह समझौता हम लोगों के ही बीच हुआ था। पत्र में कहा गया है कि भारतीय किसान संगठन के लोग 21 अक्टूबर 2024 के समझौते से पूरी तरह से रजामंद है जिस पर क्षेत्र के लगभग 250 किसानों के हस्ताक्षर हैं और इस धरने का विरोध करते हैं।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से कुछ तथाकथित बाहरी नेता किसानों के नाम पर धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही वेव सिटी में जाकर लोगों को डराने–धमकाने से लेकर जबरन रोड जाम करना, कर्मचारियों के साथ छेड़छाड़ करना इनकी आदत में शुमार हो गया है। वेव सिटी में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि छोटे समूह में कुछ तथाकथित किसान नेता आकर जबरन गेट पर नारेबाजी करने लगते हैं और कर्मचारियों के साथ अभ्रदता करते हैं। जबकि वेव सिटी प्रबंधन का दावा है कि कुछ बाहरी लोग समझौतों की शर्तों को सिरे से नकार रहे हैं और लगातार ब्लैकमेल कर जबरन धन उगाही करना चाहते हैं।



सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय को पत्र देते हुए भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद के अध्यक्ष लोकेश नागर

# ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने लगाई बाबा साहेब की जयंती पर जगह-जगह छबील, बाबा साहेब के अनुयायियों ने कहा प्रधान जी का सराहनीय कार्य

» सब का सपना संवाददाता

**धौलाना।** कस्बा धौलाना में सोमवार 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के 134 वें जन्मोत्सव मुस्लिम समुदाय वर्ग के लोगो ने बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान उन्होंने जगह जगह छबील लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान बाबा साहेब के अनुयायियों ने ग्राम प्रधान के कार्यों की प्रशंसा की।

कस्बा धौलाना में निकली बाबा साहेब की जयंती शोभा यात्रा के दौरान ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने कस्बे के काजीवाड़ा मोहल्ला स्थित मदरसे के पास व पुराने हॉल के



सामने मीठे शरबत की छबील लगाकर सांप्रदायिक सौहार्द की आपसी भाईचारे का संदेश देकर भीम जयंती मनाई।

इस दौरान बोलते हुए ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर साहब ने दलित पिछड़ों शोषित समाज के उत्थान के लिए खूब काम किया। बाबा साहेब ने अपने जीवन में ऐसा काम किया है, जिस कारण आज भी वह लोगों के बीच प्रासंगिक बने हुए हैं। आर्थिक और सामाजिक भेदभाव सहने के बाद भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर दुनिया के लिए एक मिसाल बन गए। उनके विचार लोगों में जागृति लाने का काम करते हैं। उन्होंने अपने तीन मूलमंत्र संगठित रहो, शिक्षित बनो, संघर्ष करो के नारों पर चलने का आह्वान किया था जिन्हें पाकर कोई भी व्यक्ति कभी भी जीवन में हार नहीं सकता। बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर ग्राम प्रधान अतीक अहमद के नेतृत्व में सैकंडों मुस्लिम युवाओं ने जोश भरकर बाबा साहेब की जयंती में बाबा साहेब के भीम नारों का जमकर गुणगान किया। इस दौरान बबल उर्फ इकरार, महबूब अंसारी, आरिश अंसारी, अकरम, मासूम अंसारी, आहिल, रहीम, फुरकान, सगीर अहमद, युनुस मुल्ला जी, इकराम कुरैशी, युनुस मलिक, डॉ आसिफ, खलील अहमद, मोहम्मद शाद, सादिक भाई, तालिब भाई, हमजा, जावेद कस्सार, आरिफ कस्सार, जुबेर मलिक, समीर मलिक, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मोरटी ने

# स्कूल चलो अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जगाई शिक्षा की अलख

» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, मोरटी के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक और जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर छात्र-छात्राओं ने ग्राम के नुक्कड़ पर मीना मंच के अंतर्गत बोलती चट्टान नाटिका का मंचन किया, जिसने उपस्थित जनमानस को गहराई से प्रभावित किया। इस नाटिका का मुख्य संदेश था कि प्रत्येक व्यक्ति में



कुछ विशेष गुण और क्षमताएं होती हैं, जिन्हें पहचान कर उन्हें विकसित किया जाना चाहिए। दूसरों से तुलना करने के बजाय स्वयं पर विश्वास और मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। इसके साथ ही बच्चों ने पढ़ना-लिखना सीखो नामक कविता प्रस्तुत की, जो शिक्षा के महत्व को सरल और भावनात्मक रूप में दर्शाती है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ.पी. यादव ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में अभिभावकों और ग्रामीणजनों को शिक्षा नीति और सरकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि बच्चों को स्कूल भेजकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें। एसआरजी पूनम शर्मा ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने और अनुशासन का पालन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में मीना मंच की नोडल अधिकारी नीतू सिंह और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में आबकारी विभाग निभाएगा अहम भूमिका : नितिन अग्रवाल

**39582.39 करोड़ रुपए के 138 एमओयू, 7538.73 करोड़ की 45 परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए तैयार**

» सब का सपना संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में आबकारी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस संबंध में आज विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई।

श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि आबकारी विभाग के साथ 39582.39 करोड़ रुपए के 138 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। इनमें से 7538.73 करोड़ रुपए की 45 परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष इकाइयों की स्थापना हेतु उद्यमियों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक निवेश सुनिश्चित किया जाए, जिससे नौकरी के नए अवसर भी सृजित होंगे। मंत्री ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को लगभग 63 हजार करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य प्राप्त करना है। इसके लिए अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि सीमावर्ती राज्यों से तस्करी पर रोक लगाने के लिए पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए।

### ड्रोन से निगरानीः दूरस्थ क्षेत्रों में नई पहल

श्री अग्रवाल ने कहा कि नदियों के कछार क्षेत्रों, घने जंगलों एवं दूरस्थ इलाकों में दविश कार्यवाहियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आबकारी नीति में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। प्रमुख अल्कोहल कंपनियों के साथ संवाद स्थापित कर नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस बैठक में प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी, आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने श्रावस्ती में की जनसुनवाई, 20 मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

» सब का सपना संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या एक दिवसीय दौरे पर जनपद श्रावस्ती पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विकास भवन सभागार में महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों पर महिला जनसुनवाई की और पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। वहीं कल गुरुवार को आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जनपद आगरा के सर्किट हाउस सभागार में 11 बजे महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई में कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ न्यायालय से संबंधित थे। शेष मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। श्रीमती मौर्या ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, बुद्ध की नगरी में आकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं। बौद्ध विचारों से प्रेरणा लेते हुए मैं यहां की महिलाओं से कहना चाहती हूं कि जीवन में प्रेम, विश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ावा दें। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे लड़का-लड़की में भेदभाव न करें और बेटियों को भी समान शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का मूल उद्देश्य यही है- महिलाओं को शिक्षा और समान अधिकार दिलाकर उन्हें सशक्त बनाना।

■ **आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह आगरा के सर्किट हाउस में आज 11 बजे से करेंगी महिला जनसुनवाई**

### बैठक में रहे ये अधिकारी मौजूद

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी. के. दास, जिला समन्वयक (बेसिक शिक्षा) अजीत उपाध्याय, महिला थाना प्रभारी सहित कई संबंधित अधिकारी और फरियादी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य की समृद्ध विरासत और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य : जयवीर सिंह



» सब का सपना संवाददाता

■ **विश्व धरोहर दिवस पर यूपी में पांच ऐतिहासिक शहरों में होगी हेरिटेज वॉक, पर्यटन विभाग ने लॉन्च किया विशेष पैकेज**

लखनऊ। विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल) के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (UPSTDC) ने एक अनूठी पहल करते हुए प्रदेश के पांच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध शहरों झ वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा झ में विशेष ह्यहेरिटेज वॉकह्न पैकेज लॉन्च किया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर को आम लोगों, विशेषकर युवाओं तक पहुंचाना और उन्हें राज्य की समृद्ध विरासत, स्थापत्य कला, संस्कृति, व्यंजन और लोक परंपराओं से जोड़ना है।

हेरिटेज वॉक में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित स्थानीय गाइड ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देंगे। साथ ही, कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय हस्तशिल्प के अनुभव को भी शामिल किया गया है। यह वॉक लगभग ढाई से तीन घंटे की होगी, जिसमें प्रतिभागियों को ट्रांसपोर्ट, गाइड सेवा, प्रवेश शुल्क और नाश्ता भी प्रदान किया जाएगा।

#### शहरवार पैकेज शुल्क (GST सहित)

- आगराः 899 रुपए प्रति पर्यटक
- वाराणसीः 475 रुपए प्रति पर्यटक
- झांसीः 850 रुपए प्रति पर्यटक
- प्रयागराजः 500 रुपए प्रति पर्यटक
- लखनऊः 800 रुपए प्रति पर्यटक

पैकेज की बुकिंग उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट www.upstdc.co.in के माध्यम से की जा सकती है।

#### ताज नगरी के लिए 11828.75 लाख रुपए स्वीकृत


पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में पर्यटन विकास की परियोजनायें तथा अवस्थापना संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगभग सभी जनपदों में पर्यटन विकास की योजनायें स्वीकृत की जा रही हैं। साथ ही उन परियोजनाओं के सापेक्ष धनराशि भी जारी की जा रही है। इसी क्रम में ताज नगरी आगरा के पर्यटन विकास के लिए 11828.75 लाख रुपए की 13 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गयी है।

#### वाराणसी के पर्यटन विकास हेतु 14 परि-योजनाओं को मंजूरी

भोलेनाथ की नगरी काशी में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करते हुए 14 परियोजनाओं के लिए 74.31 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसके लिए आवश्यक शासनादेश भी जारी करा दिया गया है।

# एम्स रायबरेली में अत्याधुनिक शल्य प्रक्रिया की सहायता से मरीज की श्रवण संबंधी विकार में सुधार किया गया

» सब का सपना संवाददाता




रायबरेलीः अत्याधुनिक सर्जिकल प्रबंधन प्रदान करने की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए संस्थान के ईएनटी और हेड-नेक सर्जरी विभाग ने न्यूनतम पहुंच तकनीक द्वारा, बाइलेटेरल ओटोस्क्लेरोसिस के कारण गंभीर प्रगतिशील श्रवण हानि से पीड़ित एक 26 वर्षीय महिला का एंडोस्कोपिक पद्धति से स्टेपेडोटॉमी किया। स्टेपेडोटॉमी एक प्रकार की शल्य क्रिया है जिसमें कान के मध्य हिस्से के स्टेप्स हड्डी में एक छोटी ओपनिंग कर श्रवण क्षमता में वृद्धि की जाती है। श्रवण हानि मरीज की दैनिक गतिविधियों और जीवन की गुणवत्ता में बाधा डाल रही थी। ओटोस्क्लेरोसिस स्टेप्स को स्थिर करता है, जो शरीर की सबसे छोटी हड्डी है और हमारी सुनने की क्षमता का एक अभिन्न अंग है। एंडोस्कोपिक दृष्टिकोण से एक सटीक नियंत्रण फेनेस्ट्रा स्टेपेडोटॉमी और सुनने के लिए एक कृत्रिम प्रत्यारोपण करने की अनुमति मिलती है। यह एक अत्यंत सटीक और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है क्योंकि अगर स्टेप्स फुटप्लेट में फेनेस्ट्रा ठीक से नहीं बनाया गया या श्रवण कृत्रिम अंग ठीक से फिट नहीं किया गया है, तो श्रवण हानि के बिगड़ने का जोखिम बना रहता है। हालाँकि, एंडोस्कोपिक पद्धति का उपयोग करके पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह निशान रहित सर्जरी कॉस्मेटिक रूप से स्वीकार्य है लेकिन इसके लिए महत्वपूर्ण सर्जिकल कौशल की आवश्यकता होती है। प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित कान की श्रवण क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। सर्जिकल टीम में डॉ. अरिजीत जोतदार (एसोसिएट प्रोफेसर) और डॉ. विभा सिंह (सीनियर रेजिडेंट) शामिल थे। उन्हें डॉ. अनन्या सोनी (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. रुद्र प्रकाश (असिस्टेंट प्रोफेसर) और विभाग के अन्य डॉक्टरों और कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला।

**नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल और सोनिया पर चार्जशीट पर भड़के कांग्रेसी**

# सड़क पर उतर किया विरोध प्रदर्शन

» सब का सपना संवाददाता



अमेठी। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस हाईकमान राहुल और सोनिया पर चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने विरोध मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए हनुमान तिराहे तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध है। कार्यकताओं ने पुतला दहन का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पुतला छीन लिया।

जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज बन चुके हैं। भाजपा सरकार उन्हें डराने और दबाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस पार्टी मजबूती से जनता की आवाज उठाने में लगती है तो हमारे नेताओं को परेशान किया जाता है।

लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा है। दीपक शिवहरे ने कहा कि युवाओं की ताकत राहुल गांधी के साथ है। हम सड़क से संसद तक संघर्ष करेंगे। सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

शुभम सिंह ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, देश के लोकतंत्र का सवाल है। हम संविधान की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ेंगे।

इस मौके पर अवनीश सेनानी, राजू ओझा, रामबरन कश्यप, सौरभ सिंह, विकास बारी, शिवेंद्र विक्रम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# डॉ. अंबेडकर पर क्विज प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजित

» सब का सपना संवाददाता



लालगंज रायबरेलीः क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बैसवारा महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता छात्र एवं छात्राओं के मध्य आयोजित की गई। डॉ. अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का सफलता पूर्वक आयोजन भी किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि हमें अपने अधिकारो एवं कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक पालन करना चाहिए। सत्य ही वह रास्ता है जिसके माध्यम से अपने कैरियर की ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए हमेशा सत्यता के आचरण का अनुपालन करना चाहिए। आयोजित संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि डॉ आंबेडकर का भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रोफेसर सिंह ने आगे बताया कि किस तरह डॉ. अंबेडकर द्वारा दलित, पिछड़े और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ डॉ आंबेडकर का योगदान अति महत्वपूर्ण है।

संगोष्ठी में प्रोफेसर बी के भारद्वाज, सहायक आचार्य डॉ प्रवीण सिंह, डॉ सुरजन याद, डॉ संजीव कुमार मिश्रा द्वारा भारतीय संविधान डॉ. अंबेडकर की योगदान की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक आचार्य राजनीतिक विज्ञान डॉ नवीन कुमार सिंह ने किया और औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य अंग्रेजी डॉ. नवीन कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुप्रिया सिंह एवं लक्ष्मी श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से मिला। द्वितीय स्थान कोमल कुशवाहा एवं तृतीय स्थान आर्य तिवारी को प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय के प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त शिक्षकों, कर्मचारीयों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है और शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य चरित्र निर्माण एवं अच्छे नागरिक का निर्माण करना होता है।

इस मौके पर प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, डा अजय कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा सत्येंद्र सिंह, डॉ एस ए आर आबिदि, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा, डॉ के के दीक्षित, श्रीमती नीलम शुक्ला, डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी, अंजू सिंह, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, शिव शंकर, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे।

# कामकाजी महिलाओं के सपनों को पंख दे रही योगी सरकार

**प्रदेश की कामकाजी महिलाओं को लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में जल्द मिलने जा रहा छात्रावास**

» सब का सपना संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की कामकाजी महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में आधुनिक छात्रावासों के निर्माण की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस परियोजना का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है। योगी सरकार की यह पहल न केवल कामकाजी महिलाओं को एक सुरक्षित आवास मुहैया कराएगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। ₹स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट ₹ योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में कुल 08 वर्किंग वूमेन हॉस्टल्स को मंजूरी दी गई है। इन छात्रावासों में प्रत्येक की क्षमता 500 महिलाओं की होगी। यह निर्माण लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में किया जाएगा। इस परियोजना के लिए कुल 381.56 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा इनमें से 251.8296 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। यह राशि राज्य के वित्त विभाग द्वारा महिला कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है।

### निर्माण एजेंसी को किया गया नामित

छात्रावासों के निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी को नामित कर दिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है, जिससे प्रदेश की कामकाजी महिलाओं को आवास संबंधी बड़ी राहत मिलेगी।

# राहुल-सोनिया पर चार्जशीट से नाराज अमेठी कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**ई.डी. कर रही अधिकार का लगातार दुरूपयोग, सच्चाई के विपरीत भाजपा सरकार के नाजायज दबाव में दाखिल किया गया कथित आरोप पत्र : पंकज तिवारी**

» सब का सपना संवाददाता





रायबरेली 16 अप्रैल, केन्द्र सरकार के इशारे पर यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा विपक्ष के नेता व जनपद के जनप्रिय सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ई डी. द्वारा सरकार के दबाव में आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया, कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने प्रदर्शन की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से घंटाघर तक सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनों ने हाथों में तख्ती लेकर मोदी सरकार के विरोध में नारे लगाए और घंटाघर चौराहे पर महामहिम राष्ट्रपति जी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मोदी सरकार बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड₹ मामले में ई.डी. द्वारा अपने अधिकार का लगातार दुरूपयोग किया जा रहा है, उक्त प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ई. डी.) द्वारा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी जी एवं नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के खिलाफ कथित आरोप पत्र भाजपा सरकार के नाजायज दबाव में दाखिल किया गया है, जो सच्चाई व वास्तविकता के विपरीत है। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति से मांग की है कि उक्त प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित संज्ञान लेकर कथित आरोप पत्र वापस लिया जाए।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि सोनिया गांधी एवं जननायक, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ई.डी. की कार्यवाही दुभाग्यपूर्ण और गंदी राजनीति से प्रेरित है, जिस गांधी परिवार का इतिहास देश के लिए दी गई कुर्बानियों से भरा है, उस गांधी परिवार पर ऐसे आरोप लगाना और सरकारी एजेंसियों द्वारा परेशान करना शर्मनाक है। कांग्रेस नेतृत्व इन षड़यंत्रों के सामने कभी नहीं झुकेगा। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने नेता के सम्मान के लिए सड़कों पर उतरकर देश व्यापी आन्दोलन करेगा। लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार झूठे मामले बनाकर गांधी परिवार को बदनाम करना चाहती है। यह केवल राजनीति से प्रेरित है, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। जब से राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी शक्ति दिखाई है, तभी से भाजपा बदला लेने के फिराक में लगी है। लेकिन, कांग्रेस के लोग किसी दबाव में आने वाले नहीं हैं। कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि जब से राहुल गांधी गुजरात में अपनी ताकत दिखा रहे हैं, तब से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस पार्टी को जितना दबाने का प्रयास होगा, कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर लड़ेगा और पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। राहुल गांधी देश के लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर एवं लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, ऊंचाहार विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार को हिटलकर शाही सरकार बताया और कांग्रेस कार्यकताओं को बड़े आन्दोलन के लिए तैयार रहने को कहा। इस अवसर पर सदर समन्वयक, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लाक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ **सरकार झूठे मामले बनाकर गांधी परिवार को कर रही बदनाम, भाजप ने बदनाम करने के लिए रचा राजनैतिक षड्यंत्र : सरिता दीपेन्द्र गुप्ता**

■ **कांग्रेस पार्टी को जितना दबाने का प्रयास होगा, कांग्रेस का सड़क पर संघर्ष उतना ही तेज होगा : दीपेन्द्र गुप्ता**

## संक्षिप्त समाचार

### कोल्ड ड्रिंक मांगी और; गुरुग्राम के पटौदी में आधी रात ढाबा संचालक की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के पटौदी में बीती रात एक ढाबा मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि हमला करने वाले तीन लोग थे, जो बाइक पर आए थे और तीनों के चेहरे ढंके हुए थे। बता दें कि यह घटना पटौदी के जाटौली मंडी स्तिथ झोपड़ी होटल की है। पूरे मामले की जांच के लिए गुरुग्राम पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार,बाइक पर सवार होकर आए तीनों नकाबपोश बदमाशों ने ढाबे में कोल्ड ड्रिंक मांगी। उसके बाद अचानक फायरिंग शुरू कर दी। तीनों ने 6-7 राउंड फायरिंग की, जिसमें 37 वर्षीय दीपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जाटौली मंडी स्तिथ झोपड़ी होटल में बीती रात हुई इस वारदात के बाद गुरुग्राम पुलिस भी जांच में जुट गई है। आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी जैसी और इसके अलावा कोई कारण सामने नहीं आया है।

### घर में घुसे लुटेरों से भिड़ गई महिला, घायल होने के बावजूद एक को पकड़ा और...

**पालघर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर शहर में एक महिला ने अपने घर में घुसे 2 लुटेरों से बहादुरी से मुकाबला कर लूट की कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि लुटेरों के हमले में महिला घायल हो गई। यह घटना सोमवार शाम की है। पुलिस ने बताया कि महिला और उसके पड़ोसियों ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। महिला और उसका पति रोजाना की तरह शाम को घर के पास समुद्र के किनारे टहलने गए थे। पालघर पुलिस थाना के निरीक्षक अनंत पराड ने बताया कि जब महिला और उसका पति लौटे तो देखा कि उनके घर में दो चोर घुसे हुए थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अचानक दंपती को देखकर चोर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन महिला ने उनमें से एक आरोपी को पकड़ लिया। बचने की कोशिश में आरोपी ने महिला के हाथ पर लोहे के एक औजार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि चोट लगने के बाद भी महिला ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों की मदद से उसने आरोपी को पुलिस के आने तक पकड़कर रखा। इस बीच, महिला के पति ने दूसरे आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल रहा।

### पाकिस्तान में कोई बदलाव नहीं हुआ, आज भी बुरी आदतों में शामिल, गुजरात में बोले जयशंकर

**आणंद , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले ने पाकिस्तान के साथ संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया, जब भारतीयों ने सामूहिक रूप से महसूस किया कि पड़ोसी देश का ऐसा व्यवहार अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. गुजरात के आणंद जिले में चारोतार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बहुत परिवर्तन हुए. इसके विपरीत, पाकिस्तान में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह अपनी बुरी आदतों को जारी रखे हुए है. जब उनसे पूछा गया कि भारत सरकार अब खुले रूप से पाकिस्तान के बारे में शायद ही कभी चर्चा करती है, तो जयशंकर ने कहा कि उन पर बहुमूल्य समय बर्बाद करने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा, भारत बदल गया है. काश मैं कह पाता कि पाकिस्तान बदल गया है. दुर्भाग्य से, वे कई मायनों में अपनी बुरी आदतों को जारी रखे हुए हैं. मैं कहूंगा कि 26/11 का मुंबई आतंकवादी हमला एक महत्वपूर्ण मोड़ था. मुझे लगता है कि यही वह समय था जब भारतीय जनता, सभी राजनीतिक दलों ने कहा कि यह बहुत ज्यादा है. लोगों को लगा कि देश (भारत) अपने पड़ोसी से इस तरह का व्यवहार स्वीकार नहीं कर सकता. 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने मंबई में कई स्थानों पर हमले किए थे, जिनमें 166 लोग मारे गए थे. 2008 में सत्ता में रही कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि समाज में यह भावना बहुत प्रबल थी, लेकिन उस समय सरकार द्वारा इसे पूरी तरह से नहीं समझा गया होगा, जो एक अलग मामला है ।

# कटरा से श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन के लिए करना होगा इंतजार

### पीएम मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा स्थगित

**श्रीनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 19 अप्रैल को प्रस्तावित जम्मू-कश्मीर यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। इस दौरे में पीएम मोदी कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने वाले थे। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। इस यात्रा को स्थगित करने का फैसला खराब मौसम की चेतावनी के कारण लिया गया है। भारतीय मौसम विभाग के श्रीनगर कार्यालय ने 18 और 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। विशेष रूप से इन दो दिनों में मौसम का असर सबसे ज्यादा रहने की संभावना है।

पीएम के दौरे को लेकर राज्य प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े पैमाने पर तैयारी की थी। 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लाइन पर पहले ही मॉक



ड्रिल और ट्रायल रन आयोजित किए गए थे। मंगलवार को इस खंड पर ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने सघन तलाशी और कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिए थे। विशेष सतर्कता कठुआ, उधमपुर, रियासी और रामबन जिलों में बरती जा रही थी। इसके अलावा पुंछ जिले के लस्साना के जंगलों में भी तलाशी अभियान चलाया गया।

मंगलवार को ही कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी. के. बिर्दी ने श्रीनगर में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें पीएम की यात्रा और आगामी अमरनाथ यात्रा (जो 3 जुलाई से शुरू होगी) की तैयारियों की समीक्षा की गई। यात्रा के दौरान दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें- एक श्रीनगर से कटरा और दूसरी कटरा से श्रीनगर - के संचालन की योजना थी। ये ट्रेनें उद्घाटन के दिन से शुरू होनी थीं। अब जब प्रधानमंत्री की यात्रा स्थगित हो गई है, तो उद्घाटन कार्यक्रम की नई तारीख का इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मौसम अनुकूल होने के बाद प्रधानमंत्री का दौरा पुनः निर्धारित किया जाएगा।

गौरतलब है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी। वंदे भारत एक्सप्रेस से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा तथा इस क्षेत्र के लिए आधुनिक एवं कुशल रेल सेवा उपलब्ध होगी। इस ऐतिहासिक ट्रेन सेवा के शुरू होने के साथ ही कश्मीर तक सीधी रेल संपर्क सुविधा की लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो जाएगी। वर्तमान में घाटी में केवल संगलदान एवं बारामूला के बीच और कटरा से देश भर के गंतव्यों के लिए ट्रेन सेवाएं संचालित होती हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना 1997 में शुरू हुई थी लेकिन भूवैज्ञानिक, भौगोलिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसे पूरा करने में देरी हुई। इस परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंग शामिल हैं जिनमें सबसे लंबी सुरंग टी-49 है जो 12.75 किलोमीटर लंबी है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी है। इस परियोजना में 927 पुल भी शामिल हैं जिनकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। इनमें प्रतिष्ठित चिनाब पुल भी शामिल है, जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसकी मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊपर है। एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा होने के कारण यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्क ब्रिज) होगा।

### पीएम-पोषण योजना: बिहार के कैमूर में 70 लोगों को मिला रोजगार, पीएम मोदी का जताया आभार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम-पोषण योजना के तहत बिहार के कैमूर में कम से कम 70 लोगों को रोजगार मिला और उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। योजना के तहत रोजगार पाने वाले कुछ लोगों ने अपनी भूमिका, कामकाज के बारे में बताया है और इस अवसर के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत कार्यरत सभी 70 लोग भोजन तैयार करते हैं, साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं और जिले के मोहनिया ब्लॉक में बैलोदी पंचायत के पटना मोड़ स्थित विभिन्न स्कूलों में भोजन पहुंचाते हैं। भोजन को स्वच्छता से तैयार किया जाता है और एक अर्ध-स्वचालित मशीन लगाई गई है। वहीं निशा देवी ने इस काम के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आठ महिलाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा, हम फर्श साफ करते हैं, बर्तन साफ करते हैं और चावल साफ करते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे और केंद्र में काम कर रहे समीर अंसारी ने भी अपने रोजगार के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। अंसारी ने कहा कि अगर कोई प्रतियोगिता में शामिल होना चाहता है, तो वह इस नौकरी से ऐसा कर सकता है, क्योंकि यह अंशकालिक काम है। रसोई प्रभारी अखलाक अहमद ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए यहां काम करने वाले कई छात्रों ने अपनी मेहनत से सरकारी नौकरी हासिल की है। खाने के मेन्यू के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया, हमारे पास हर दिन अलग-अलग तरह के व्यंजन होते हैं। सोमवार को हम चावल, मिक्स दाल और हरी सब्जियां देते हैं, जबकि मंगलवार को जीरा चावल और सोयाबीन की सब्जी।

अहमद ने भूखों को रोजगार और भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले कई छात्रों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और उन्हें दालें और सब्जियां नहीं मिल पा रही हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम पोषण एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत बालवाटिका और कक्षा 1 से 8 तक के 10.36 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के 11.20 करोड़ छात्रों को सभी स्कूली दिनों में भोजन परोसा जाता है।

### कांग्रेस के लिए मुसीबत न बन जाए जाति जनगणना, 2 जातियों ने सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में दो प्रभावशाली समुदाय लिंगायत और वोक्कालिगा राज्य की सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। सरकार द्वारा विवादास्पद जातिगत जनगणना रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखने के फैसले से दोनों समुदायों में गहरी नाराजगी है। वे इसे अपने राजनीतिक प्रभाव के लिए खतरा मान रहे हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर और बाहर से सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। खासकर खुद कांग्रेस के विधायकों ने जातिगत सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर असहमति जताई है। 17 अप्रैल को होने वाली विशेष कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर सरकार की स्थिति तय होगी, जिससे विभिन्न समुदायों की आगामी रणनीति प्रभावित हो सकती है। वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी के वोक्कालिगा विधायकों से मुलाकात की और रिपोर्ट पर उनकी राय जानी। उन्होंने मीडिया से कहा, एक समुदाय के प्रतिनिधि के तौर पर मैं चाहूंगा कि हम मिलकर कैबिनेट बैठक में अपने पक्ष को मजबूती से रखें। हालांकि उन्होंने अपने रुख को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया। जाति सर्वेक्षण की आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, लेकिन लिंगायत और वोक्कालिगा का हिस्सा राज्य की आबादी का एक चौथाई से भी कम है। उनकी जनसंख्या हिस्सेदारी कुरुबा की तुलना में बहुत ज्यादा नहीं है, जो एक अपेक्षाकृत पिछड़ा जाति समूह है। लिंगायत और वोक्कालिगा जाति संघों और नेताओं ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है उनकी आबादी को कम आंका गया है। लिंगायत और वोक्कालिगा की जनसंख्या हिस्सेदारी को लेकर यह संघर्ष कर्नाटक में कोई नई बात नहीं है। लिंगायत और वोक्कालिगा कोनजरअंदाज करना मुश्किल कांग्रेस का मौजूदा सामाजिक गठबंधन लिंगायत और वोक्कालिगा को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं कर सकता।

## नोएडा एयरपोर्ट पर होगी राफेल और मिराज की मरम्मत, ट्रेनिंग को खुलेगी यूनिवर्सिटी; 10वीं पास को मौका

**नोएडा , एजेंसी।** फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट नोएडा एयरपोर्ट के परिसर में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल और मिराज-2000 की मरम्मत और रखरखाव का कार्य करेगी। कंपनी इसके लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) और विश्वविद्यालय स्थापित करेगी। यहां युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि उत्कृष्टता केंद्र और विश्वविद्यालय में विमानन क्षेत्र से संबंधित पाठ्यक्रम और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) प्रदान किए जाएंगे। इससे इस क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। योजना के अनुसार, हाई स्कूल और पॉलिटेक्निक स्तर पर एयरोनॉटिकल पाठ्यक्रम शुरू होंगे। दसवीं पास छात्र तीन साल का डिप्लोमा कोर्स और एक साल का एमआरओ अप्रेंटिसशिप कर सकेंगे।

बारहवीं पास छात्रों के लिए एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, वेक्टर और एवियोनिक्स एयरक्राफ्ट्स में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री दी जाएगी। इसके अलावा 10वीं पास छात्रों के लिए एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस का छह महीने का शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी कराया जाना प्रस्तावित है।

नोएडा एयरपोर्ट के दूसरे चरण में एमआरओ हब (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल सुविधा




केंद्र) विकसित होगा। इसके लिए डसॉल्ट कंपनी को 1365 हेक्टेयर जमीन देने की तैयारी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि फ्रांस की डसॉल्ट कंपनी ने सबसे पहले कौशल विकास विभाग से बातचीत शुरू की थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय और अंततः उत्तर प्रदेश सरकार इसमें शामिल हुई। कंपनी को यीडा क्षेत्र में भूमि देने पर सहमति बन गई है। यहां पहले से ही 40 एकड़ में एमआरओ प्रस्तावित है, जिसमें यात्री विमानों की मरम्मत का कार्य होगा। हालांकि, अब डसॉल्ट के आने के बाद एक और एमआरओ हब वहीं पर बनेगा, जिसमें लड़ाकू विमानों के रखरखाव और मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। अगले छह महीने में इसके परिचालन की उम्मीद है। कंपनी धीरे-धीरे अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फ्रांस की कंपनी पहले तमिलनाडु जा रही थी। इसके बाद कंपनी को उत्तर प्रदेश में निवेश का प्रस्ताव दिया गया। वार्ता के बाद कंपनी यूपी में निवेश करने को सहमत हुई। भारत में एमआरओ उद्योग वर्ष 2021 में 1.7 बिलियन डॉलर का था, जो 2030 तक सात बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही कंपनी को यहां निवेश करने पर एफडीआई पॉलिसी के तहत 12 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिलेगी। वर्तमान में भारत की एमआरओ के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता है। देश में 713 एयरक्राफ्ट हैं। वर्ष 2031 तक इनकी संख्या बढ़कर 1522 होने की संभावना जताई जा रही। साथ ही भारतीय वायुसेना में 36 राफेल और करीब 50 मिराज-2000 हैं। सूत्रों के अनुसार, इनके लिए मेंटेनेंस लागत कुल राजस्व की 12 से 15 प्रतिशत तक होती है।

## रूस-अमेरिका में हो सकती है आर्थिक साझेदारी, व्हाइट हाउस का बड़ा एलान- युद्ध रोका तो बड़ी सौगात देंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने मंगलवार को बताया कि रूस अगर यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करता है तो अमेरिका उसे बड़ी सौगात देगा। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका, रूस के साथ आर्थिक साझेदारी भी कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि पहले रूस को युद्धविराम करना होगा। व्हाइट हाउस ने यह बात ऐसे वक्त कही है, जब हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।

इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों के बीच अच्छी बातचीत हुई और हमारा मानना है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। व्हाइट हाउस प्रवक्ता




कैरोलिन लेविट ने कहा कि अगर रूस, यूक्रेन के साथ युद्ध को समाप्त करता है तो रूस को बड़ी सौगात मिल सकती है। हो सकता है कि अमेरिका और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी हो जाए, लेकिन पहले हम चाहते हैं कि युद्धविराम हो और राष्ट्रपति के प्रतिनिधि विटकॉफ ने राष्ट्रपति पुतिन को यह बात स्पष्ट रूप से बता दी है।

इससे पहले सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की वजह से रूस-यूक्रेन युद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि अगर 2020 के चुनाव में धांधली न हुई होती तो रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हुआ ही नहीं होता। पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध बाइडन द्वारा शुरू किया गया युद्ध है, न कि मेरे द्वारा। मेरे पिछले चार साल के कार्यकाल में मैंने इसे होने से रोके रखा। मेरा इस युद्ध से कुछ लेना देना नहीं है, लेकिन मैं इसे रोकने की कोशिश कर रहा हूं। अगर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली न हुई होती तो यह भीषण युद्ध कभी होता ही नहीं। ट्रंप ने बाइडन के साथ ही यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी हालात को सही ठंग से नहीं संभालने का आरोप लगाया। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के लिए कोशिश करता रहेगा।।

### राष्ट्रपति पद से हटने के बाद बाइडेन की पहली हुंकार, ट्रंप पर कहा- 100 से कम दिनों में इतना विनाश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पद से हटने के बाद पहली बार जनता के सामने आकर भाषण दिया है और उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके काम करने के तरीके की खुलकर आलोचना की है. बाइडेन ने शिकागो में एक सम्मेलन में कहा, 100 दिनों से भी कम समय में, इस प्रशासन ने इतना नुकसान और इतना विनाश किया है - यह आश्चर्यजनक है कि ऐसा इतनी जल्द हो सकता है. बाइडेन विकलांगता अधिवक्ताओं (डिसेबिलिटी एडवोकेट्स) को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने रिटायरमेंट और विकलांगता बेनिफिट्स का भुगतान करने वाली अमेरिका की राष्ट्रीय एजेंसी का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने (ट्रंप सरकार) सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के खिलाफ द्वेषपूर्ण व्यवहार किया है और 7,000 कर्मचारियों को बाहर कर दिया है. ब्लू सूट- टाई पहने और अमेरिकी झंडे के सामने खड़े होकर, 82 वर्षीय डेमोक्रेट बाइडेन ने लगभग आधे घंटे तक बात की, जिसमें कई बार बढ़ती उम्र के लक्षण दिखाई दिए. इसी वजह से वो इसबार का चुनाव नहीं लड़ पाए थे. टेलीप्रॉम्प्टर से पढ़ते समय वह कुछ वाक्यों में लड़खड़ा गए. राष्ट्रपति ट्रंप ने, बाइडेन पर कटाक्ष करते हुए, सोशल मीडिया पर बिना किसी कमेंट के इसका एक छोटा वीडियो पोस्ट किया।

### सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व के लिए धर्म, आस्था जैसे मापदंडों को आधार बनाना गलत, भारत का बयान

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था के आधार पर प्रतिनिधित्व देने के प्रयासों की आलोचना की है। भारत ने कहा कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के बिल्कुल विपरीत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि पाठ-आधारित वार्ता का विरोध करने वाले लोग यूएनएससी सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

पी. हरीश का यह बयान तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन के बीते महीने दिए गए उस बयान के बाद आया है, जिसमें एर्दोआन ने कहा था कि एक इस्लामिक देश को भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। माना जा रहा है कि तुर्किए राष्ट्रपति के उसी बयान के बाद भारत ने धर्म आधारित व्यवस्था का विरोध किया। ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की सदस्यता वाले जी4 देशों ने भी धर्म और आस्था के आधार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता देने का विरोध किया है। जी4 देशों का कहना है कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व एक स्वीकृत आधार है, जो समय की कसौटी पर खतरा भी उतरा है। हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद की सदस्यता को मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25 या 26 करने की जरूरत है, जिसमें 11 स्थायी सदस्य और 14 या 15 अस्थायी सदस्य शामिल होंगे।

## सीरिया ने दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान उन्हें दिया राजनयिक सम्मान

**सियोल, एजेंसी।** सियोल के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सीरिया ने पिछले सप्ताह दक्षिण कोरिया के शीर्ष राजनयिक के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने के लिए उनकी यात्रा के दौरान उन्हें सर्वोच्च राजनयिक शिष्टाचार प्रदान किया। इससे अर्थव्यवस्था, पुनर्निर्माण और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता का संकेत मिला।

कोर?िया के विदेश मंत्री चो ताए-युल ने राजनयिक संबंधों को औपचारिक रूप देने के लिए पिछले गुरुवार को दमिश्क की यात्रा की, जो एक मील का पत्थर है। यह उत्तर कोरिया को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश के साथ औपचारिक संबंध बनाने का सियोल का प्रयास है।

चो की यात्रा सीरिया में सुरक्षा स्थिति के कारण गोपनीय तरीके से आयोजित की गई, जहां पूर्व नेता बशर अल-असद की



आधी सदी की तानाशाही को उखाड़ फेंकने के बाद एक अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है। सियोल के एक अधिकारी ने बताया कि अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान चो को शीर्ष स्तरीय राजनयिक प्रोटोकॉल प्रदान किया गया, जिसमें एक विदेश मंत्री को आमतौर पर प्रदान की जाने वाली सुरक्षा से तीन गुना अधिक सुरक्षा शामिल थी।

अधिकारी ने कहा, मंत्री चो का पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया गया तथा हवाई अड्डे पर पहुंचने से लेकर लेबनानी सीमा पार करने तक पूरे सुरक्षा काफिले के साथ उनका अनुरक्षण किया गया।द्विपक्षीय वार्ता के बाद, सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने चो और उनके प्रतिनिधिमंडल को आश्चर्यचकित करते हुए उन्हें स्वयं गाड़ी चलाकर राष्ट्रपति भवन ले गए, जहां उन्होंने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से शिष्टाचार भेंट की। अधिकारी ने कहा, अरब जगत में किसी गणमान्य व्यक्ति द्वारा स्वयं गाड़ी चलाना और अतिथि को साथ ले जाना, शिष्टाचार का सर्वोच्च रूप माना जाता है। यह आतिथ्य का एक असाधारण संकेत था। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार चो लेबनान से ज़मीन के रास्ते लौटे और इस्तांबुल से विमान से स्वदेश वापस आए। वे दमिश्क में पांच घंटे तक रहे। वार्ता के दौरान, सीरिया ने दक्षिण कोरिया के तीव्र आर्थिक विकास मॉडल को अपनाने में गहरी रुचि व्यक्त की तथा विकास सहायता, ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा वर्षों से गृह युद्ध से त्रस्त देश के पुनर्निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए निकट भविष्य में सियोल में एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल भेजने की इच्छा व्यक्त की। सीरिया ने द्विपक्षीय संबंधों में दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाने की भी आशा व्यक्त की तथा कहा कि सियोल अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को कम करने की दिशा में उसके प्रयासों का समर्थन करेगा। अधिकारी ने कहा, यह नई सीरियाई सरकार के लिए राजनयिक संबंधों की पहली स्थापना है। सीरिया अपने पुनर्निर्माण प्रयासों को आगे बढ़ाने में दक्षिण कोरिया को एक प्रमुख भागीदार के रूप में देखता है।

# सलमान खान के जमाई राजा के साथ आएंगे भाईजान!

## एक फिल्म और दो हीरो, FLOP भाई की क्या प्लानिंग है?



संजय दत्त की फिल्म 'भूतनी' जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. पहले अक्षय कुमार से क्लैश होने वाला था, लेकिन अब वो रिलीज को आगे बढ़ा चुके हैं. संजय दत्त जल्द सलमान खान के साथ एक ही फिल्म में काम करेंगे. इसी बीच पता लगा कि वो भाईजान के जमाई राजा के साथ भी दिखने वाले हैं. खान्स संजय दत्त के साथ क्या प्लानिंग कर रहे हैं. आइए जान लीजिए.

संजय दत्त का नाम आते ही मन में एक छवि बनी हुई है खूंखार विलेन की. वैसे भी वो जितनी बार भी विलेन बनते हैं, उन्हें देखकर एक ही शब्द कहने का मन करता है- परफेक्ट. ऐसा इसलिए क्योंकि वो किसी भी किरदार को शानदार तरीके से निभाते हैं. खैर, 1 मई को उनकी भूतनी आने वाली है. जो पहले 18 अप्रैल को आ रही थी, पर इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया. वो सलमान खान के साथ एक फिल्म में काम करने वाले हैं. इसी बीच पता लगा कि वो अब खान परिवार के जमाई राजा के साथ भी फिल्म में दिखने वाले हैं.

हाल ही में एक रिपोर्ट से पता लगा कि सोहेल खान एक बार फिर एक पिक्चर डायरेक्ट करने वाले हैं. वो यह कॉमेडी फिल्म संजय दत्त के साथ बना रहे हैं.

### सलमान के जमाई राजा संग संजय दत्त?

सोहेल खान एक टू हीरो कॉमेडी फिल्म बना रहे हैं. जिसमें सलमान खान के जमाई राजा भी साथ हैं. जी हां, आयुष शर्मा और संजय दत्त एक ही फिल्म में दिखाई देंगे. सोहेल खान और संजय दत्त के बीच कई मीटिंग्स पहले ही हो चुकी है. साथ ही दोनों एक साथ कोलैबोरेट करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं. संजय दत्त इस पिक्चर में लार्जर देन लाइफ अवतार में दिखेंगे. लेकिन फिल्म में दो लीड हीरो होंगे, संजय दत्त के साथ ही आयुष का भी बराबर का रोल होगा. वो इससे पहले अंतिम और लवयात्री में काम कर चुके हैं.

संजय दत्त के साथ आयुष शर्मा को देखने का फैन्स भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं सोहेल खान और उनकी टीम इसी साल के सेकंड हार्फ में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देगी. फिलहाल वो प्री-प्रोडक्शन वर्क को लेकर बिजी हैं. यह एक गैंगस्टर जॉनर की फिल्म है, जो पंजाब की लोकेशन पर सेट होगी.

### सोहेल संग वापसी कर रहे संजय

दरअसल सोहेल खान के साथ संजय दत्त की यह कमबैक फिल्म होगी. आखिरी बार दोनों ने ह्यमैंने तुझको दिल दियाह्न में काम किया था. हालांकि, फिल्म को किस स्टूडियो का साथ मिलकर सोहेल खान प्रोड्यूस करेंगे, यह पता नहीं लग पाया है. इसके बाद संजय दत्त को सलमान खान के साथ भी एक फिल्म पर काम करना है. यह भी टू हीरो फिल्म होने वाली है.



चंकी पांडे और अक्षय कुमार भी साथ में कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. दोनों हाउसफुल फ्रैंचाइजी में साथ नजर आ चुके हैं.

# अनन्या बचाएंगी अक्षय का डूबता कॅरियर

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार की वापसी हो रही है. एक बार फिर उसी उम्मीद के साथ कि हिट मिल जाए. इस बार चांस भी ज्यादा है क्योंकि माहौल टाइट है. बस एक्टर को ज्यादा कुछ करना नहीं है, क्योंकि एक्टिंग के अलावा उनके हाथ इस बार भी ज्यादा कुछ नहीं है. लेकिन कौन है यह 31 साल छोटी लड़की, जो उनका डूबता हुआ करियर बचा सकती हैं.

बस 2 दिन और फिर सिनेमाघरों में Akshay Kumar आ रहे हैं. एक बार फिर, क्योंकि इस साल वो एक बार तो आ ही चुके हैं. यह हुआ था साल की शुरूआत में, जब उनकी फिल्म स्काईफोर्स रिलीज हुई थी. फिल्म ने ठीक-ठीक कमाई भी कर ली थी. पर फिर उठने लगे कलेक्शन के साथ छेड़छाड़ करने की बातें. खैर, अब मामला उनकी अगली फिल्म का है. 18 अप्रैल को केसरी चैप्टर 2 आ रही है. फिल्म में अक्षय कुमार वकील सी.शंकरन नायर का किरदार निभा रहे हैं. फिल्म के टीजर और ट्रेलर को बहुत प्यार मिला है, लेकिन क्या अक्षय कुमार की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो पाएगी.

उनकी केसरी चैप्टर 2 जलियांवाला बाग हत्याकांड पर बेस्ड है. कैसे सी.शंकरन नायर ने अंग्रेजों के खिलाफ विपरीत हालात में भी लड़ाई लड़ी थी, वो दिखाया गया है. फिल्म में वो 31 साल छोटी लड़की के साथ काम कर रहे हैं. क्या अब 26 साल की ये लड़की पलट पाएगी अक्षय कुमार के लिए पूरी बाजी? क्यों मुश्किल और जरूरी है अक्षय कुमार के लिए इस बाजी को जीतना?

### 31 साल छोटी लड़की बचाएगी अक्षय का करियर?

अक्षय कुमार की इस साल स्काईफोर्स आई थी. लेकिन फिल्म बजट निकालने में कामयाबी हासिल नहीं कर पाई है. इसे भी फ्लॉप कैटेगरी में गिना जा रहा है. वहीं पिछला साल भी उनके लिए कुछ खास साबित नहीं हुआ था. उनकी तीन फिल्में रिलीज हुई थी. पहली- बड़े मियां छोटे मियां. दूसरी- सरफिरा और तीसरी- खेल-खेल में. तीनों ही



पिक्चरें पिट गईं थी. उधर दूसरी तरफ मिशन रानीगंज, सेल्फी, रामसेतु, रक्षाबंधन और सम्राट पृथ्वीराज भी फ्लॉप रही है. इन 10 फिल्मों के बीच अगर कोई पिक्चर सुपरहिट हुई है, तो वो है- डटक्र 2 है. जिसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था.

अक्षय कुमार की उम्र 57 साल है. वहीं अनन्या पांडे 26 साल की हैं. दोनों के बीच 31 साल का एज गैप है. अनन्या पांडे ने भी अपने करियर में कुछ खास कमाल नहीं किया है. लेकिन टीजर और ट्रेलर में काफी इम्प्रेस कर गईं. अनन्या पांडे और अक्षय कुमार का एक पुराना नाता भी रहा है. हालांकि, यह फिल्म अनन्या के करियर के लिए भी अहम होने वाली है.

चंकी पांडे और अक्षय कुमार भी साथ में कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. दोनों हाउसफुल फ्रैंचाइजी में साथ नजर आ चुके हैं. दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं. दरअसल वो अक्षय कुमार को मधुमती अकेडमी ऑफ फिल्म डांसिंग में मिले थे, जहां उन्हें ट्रेनिंग भी दी थी. अब चंकी पांडे के बाद उनकी बेटी अनन्या पांडे अक्षय के अपोजिट दिखने वाली हैं.

## खेल

## न्यूज ब्रीफ

### बीसीसीआई महिला टीम के लिये नये फिजियो और ट्रेनर की तलाश में

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरू के उत्कृष्टता केंद्र ( सेंटर आफ एक्सीलैंस) में नियुक्त होंगे । बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिये आवेदन मंगवाये हैं । नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है । फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पधार्ओं में टीम के साथ दौरा करेंगे । फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है । दोनों पदों के लिये पात्रता उन्नत जीवन सहायता में , मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है । सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिये ।

### मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर रहेगी निगाह

**मुंबई (एजेंसी)** अभी तक आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को यहां बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं जिसके कारण उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज माना जाता है।

# भारत के नितिन गुप्ता ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता।

गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

# सुरुचि सिंह ने लगातार दूसरे विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता

## पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर को रजत पदक

**लीमा (पेरू) (एजेंसी)** युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया।

ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता।





सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है। पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

पेरिस ओलंपिक में महिला एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने कहा कि वह भारतीय निशानेबाजों की प्रगति से खुश हैं और उन्होंने सुरुचि को उनके दूसरे विश्व कप स्वर्ण पदक के लिए बधाई भी दी।

उन्होंने कहा, मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स (विश्व कप) के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेगी। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों के साथ मैं भी गति बनाए रखूंगी। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।

# भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए कनाडा, नाइजीरिया से मिलेगी चुनौती

**लंदन (एजेंसी)** राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूएस) ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा

सीडब्ल्यूएस की ओर से यह पुष्टि पीटीआई द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है।

सीडब्ल्यूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से ह्यरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त हुई है। कुल मिलाकर सात देशों ने भविष्य के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, जिनमें से पांच ने शताब्दी सत्र के आयोजन की रुचि जताई है। सीडब्ल्यूएस ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड उन दो देशों में से एक है जो 2034 सत्र की मेजबानी करना चाहते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों ने यहां जारी एक बयान में कहा, अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और ओशिनिया वे क्षेत्र हैं जहां से ईओआई प्रस्तुत किए गए हैं। कनाडा, भारत और नाइजीरिया ने पहले ही सार्वजनिक रूप से पुष्टि कर दी है कि उन्होंने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ईओआई पेश की है। साथ ही दो अन्य देशों ने भी 2030 में मेजबानी के लिए अपनी रुचि जतायी है।

उन्होंने कहा, दो ईओआई 2030 के बाद के खेलों पर केंद्रित है, जिसमें न्यूजीलैंड भी शामिल है । उसने 2034 की मेजबानी में अपनी रुचि का संकेत दिया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैटी सडलेयर ने कहा कि सीडब्ल्यूएस इन खेलों की मेजबानी को लेकर अविश्वसनीय रुचि से रोमांचित है। उन्होंने कहा, हमारे छह क्षेत्रों में से चार से यह सकारात्मक प्रतिक्रिया राष्ट्रमंडल खेलों के महत्व और महत्व को रेखांकित करती है और ओलंपिक खेलों और पैरालंपिक के साथ-साथ विश्व खेल कैलेंडर में प्रमुख बहु-खेल आयोजन के रूप में इसकी स्थिति को दशार्ती है।

हाल के वर्षों में राष्ट्रमंडल खेलों का भविष्य अनिश्चित लग रहा था क्योंकि बजट की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने 2026 खेलों के लिए मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया था।

ग्लासगो ने इस आयोजन को बचाने के लिए कदम उठाया, लेकिन खेल कार्यक्रम में कई बदलाव करने के बाद। इसके कार्यक्रम से कई अहम खेलों को हटा दिया गया।

भारत 2010 में नयी दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी कर चुका है और 2030 सत्र के लिए जो ईओआई दिये गये है वे सभी बहु-राष्ट्र की बजाय एकल हैं।

खेलों की मेजबानी के लिए ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी और भारत का पत्र भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा भेजा गया था।

# हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरूकता का अभाव था: रहाणे

**मुल्लांपुर (एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरूकता की कमी (परिस्थितियों के अनुसार नहीं खेल पाना) थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना।

कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढ़ेर कर दिया।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह सपाट विकेट नहीं था। इससे गेंदबाजों को



भी कुछ मदद मिल रही थी। हमें उनकी चुनौती का डटकर सामना करने की जरूरत थी। टी20 में कभी-कभी मेडन ओवर जाने से भी नुकसान नहीं होता। इसी तरह से परिस्थितियों के अनुसार 70 या 80 रन का स्ट्राइक रेट भी बुरा नहीं होता।

उन्होंने कहा, यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में स्ट्राइक रोटेट करने से जुड़ा है। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में केवल छक्के मारना सब कुछ नहीं होता। आजकल हम देख रहे हैं कि प्रत्येक बल्लेबाज लंबे शॉट खेलना चाहता है। वह मैदान पर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करना चाहता है।

रहाणे ने कहा, यह परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने से जुड़ा है। एक बल्लेबाज के रूप में आपके पास खेल के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। हमारे बल्लेबाजों में इसका अभाव था। रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली लेकिन उम्मीद जताई कि उनके बल्लेबाज आगे अपने खेल में सुधार करेंगे।

उन्होंने कहा, मैं एक कप्तान के रूप में (हार की) जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मुझे यकीन है कि सभी खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाज, अपने खेल के बारे में सोचेंगे और आगामी मैचों में सुधार करेंगे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।